रजिस्ट्री सं. डी. (डी.)-72

REGISTERED No. D. (D.)72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 346] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 26, 1980/श्रावण 4, 1902

No. 346] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 26, 1980/SRAVANA 4, 1902

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

सिंचाई मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 जुलाई, 1980

का० आ० 577 (आ).— केन्द्रीय सरकार ने अन्तर्राज्यिक जल विवाद अधिनियम, 1956 (1956 का 33) की धारा 4 के अधीन जारी की गई अधिसूचना सं० का० आ० 1422, तारीख 10 अप्रैल, 1969 द्वारा, अन्तर्राज्यिक नदी, गोदावरी और उसकी नदी घाटी की बाबत जल विवाद का अधिनिर्णय करने के लिए गोदावरी जल विवाद अधिकरण का गठन किया था ;

और उक्त अधिकरण ने उसे निर्दिष्ट विषयों के संबंध में अन्वेषण किया और उक्त अधिनियम की धारा 5 की उप धारा (2) के अधीन केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट अग्रेषित की थी जिसमें, वे तथ्य वर्णित हैं, जो उसके समक्ष आए थे और उसे निर्दिष्ट विषयों पर उसका विनिश्चय भी दिया गया है ;

और उक्त विनिश्चय पर विचार करके केन्द्रीय सरकार तथा आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की सरकारों ने उक्त अधिकरण को उक्त अधिनियम की धारा 5 की उप धारा (3) के अधीन निर्देश किए थे और अधिकरण ने ऐसे निर्देशों पर केन्द्रीय सरकार को उक्त उपधारा के अधीन एक अतिरिक्त रिपोर्ट अग्रेषित की है जिसमें ऐसे स्पष्टीकरण और मार्गदर्शन दिए गए हैं जो उसने ठीक समझे हैं ।

अतः, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिकरण द्वारा उसकी अतिरिक्त रिपोर्ट में दिए गए स्पष्टीकरण और मार्गदर्शनों के अनुसार यथाउपान्तरित उक्त अधिकरण के विनिश्चय को प्रकाशित करती है ।

अपनी अतिरिक्त रिपोर्ट में दिए गए स्पष्टीकरण और मार्गदर्शनों द्वारा उपान्तरित रूप में गोदावरी जल विवाद अधिकरण का विनिश्चय,

"अधिकरण का अंतिम आदेश"

अधिकरण निम्नलिखित आदेश पारित करता है :—

खण्ड I

सभी राज्य गोदावरी द्रोणी में अपने-अपने राज्यक्षेत्र के भीतर भूमिगत जल का उपयोग कर सकते हैं और ऐसा उपयोग की गणना गोदावरी नदी के जल के उपयोग के रूप में नहीं की जाएगी ।

खण्ड II

उपयोग के अंतर्गत गोदावरी नदी और उसकी सहायक नदियों के जल का किसी राज्य द्वारा घरेलू, नगरपालिक, सिंचाई, औद्योगिक, विद्युत उत्पादन, नौपरिवहन, मत्स्यपालन, वन्य प्राणी संरक्षण, आमोद-प्रमोद के प्रयोजनों के लिए किया गया उपयोग और उपयुक्त प्रयोजनों के लिए सृजित भंडारकरण से उद्वाष्पन हानियां भी होंगी ।

खण्ड III

(क) नीचे स्तंभ (1) में वर्णित जल के उपयोग का माप स्तंभ (2) में उपदर्शित रीति से किया जाएगा

उपयोग	माप
1	2
(1) सिंचाई उपयोग	नदी, या उसकी सहायक नदियों से या किसी जलाशय, संग्रहण या नहर से दिक्-परिवर्तित या उठाई गयी मात्रा का

1	2
	100 प्रतिशत और इन भंडारकरणों में 100 प्रतिशत उद्वाष्पन ।
(2) विद्युत उपयोग	भंडारकरण में 100 प्रतिशत उद्वाष्पन हानि
(3) श्रेणी के भीतर घरेलू और नगरपालिक जल प्रदाय	नदी या उसकी किसी सहायक नदी या किसी जलाशय, भंडारकरण या नहर से विक्परिवर्तित या उठाए गए जल की मात्रा का 20 प्रतिशत
(4) द्रोणी के भीतर औद्योगिक उपयोग	नदी या उसकी किसी सहायक नदी या किसी जलाशय भंडारकरण या नहर से विक्परिवर्तित या उठाए गए जल की मात्रा का 2.5 प्रतिशत
(5) द्रोणी से नहर के सभी उपयोग	नदी या उसकी किसी सहायक नदी या किसी जलाशय या भंडारकरण या नहर से विक्परिवर्तित या उठाए गए जल की मात्रा का 100 प्रतिशत

(ख) उपखण्ड (क) में या पक्षकारों के बीच करारों में यथा उपबंधित के सिवाय, उपयोग का माप गोदावरी नदी के जल के किसी भी रीति से हुए ह्रास तक किया जाएगा । इसमें मानव निर्मित जलाशयों और अन्य संकर्मों से उद्वाष्पन और अन्य कारणों से होने वाली जल की हानि भी सम्मिलित है । सिंचाई के लिए उपयोग की दशा में ऐसा जल की वह मात्रा जो ऐसे उपयोग के पश्चात् नदी में वापस आ जाती है, घटाई नहीं जाएगी ।

(ग) गोदावरी नदी प्रणाली की जल धारा के निकट किसी जलाशय में किए गए जल की गणना जल धारा के ह्रास के रूप में नहीं की जाएगी किन्तु जल की उस सीमा तक की हानि की गणना की जाएगी जो ऐसे जलाशय से उद्वाष्पन और अन्य प्राकृतिक कारणों से होती है, किसी जल वर्ष में किसी राज्य द्वारा अपने उपयोग के लिए ऐसे जलाशय से विक्परिवर्तित जल की उस जल वर्ष में उक्त राज्य द्वारा उपयोग के रूप में गिना जाएगा ।

(घ) यदि किसी जल वर्ष में कोई राज्य उस वर्ष के दौरान उसे आबंटित जल के किसी भाग का उपयोग करने में अपनी परियोजनाओं के अविकास या उसकी किसी परियोजना को हुई हानि के कारण समर्थ नहीं है या किसी भी कारण से उसका उपयोग नहीं करता है तो वह राज्य किसी पश्चात्-वर्ती जल वर्ष में उपयोग नहीं किए गए जल के लिए दावा करने का हकदार नहीं होगा ।

(छ) किसी जल वर्ष के दौरान किसी राज्य के, उसे आबंटित जल के किसी भाग का उपयोग करने में असफल रहने का अर्थ किसी पश्चात्वर्ती जल वर्ष में जल में उसके अंश का समपहरण या परित्याग, नहीं होगा और न ही इससे पश्चात्वर्ती जल वर्ष में किसी अन्य राज्य के अंश में, इस बात के होते हुए भी कि ऐसे राज्य ने ऐसा जल का उपयोग किया है, वृद्धि होगी ।

खण्ड IV

प्रत्येक सम्बद्ध राज्य गोदावरी द्रोणी से उसे आबंटित गोदावरी जल के अंश का कोई भाग किसी अन्य द्रोणी में विक् परिवर्तित करने के लिए स्वतंत्र होगा ।

खण्ड V

निम्नलिखित करारों का जहां तक उनका संबंध गोदावरी नदी और गोदावरी द्रोणी से है, पालन और क्रियान्वयन किया जाएगा ।

क. कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उड़ीसा और आंध्रप्रदेश के बीच तारीख 19 दिसम्बर, 1975 को किया गया करार जो इससे उपाबद्ध है और जिसे उपाबंध 'क' अंकित किया गया है और जिसमें वे गोदावरी नदी और उसकी सहायक नदियों के जल का प्रयोग निम्नानुसार करने के लिए परियोजनाओं की निकासी के लिए सहमत है ।

(क) कर्नाटक और आंध्र प्रदेश राज्यों के बीच 17 सितम्बर, 1975 को हुआ करार--उपाबंध I

(ख) महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश राज्यों के बीच 6 अक्तूबर, 1975 को करार हुआ--उपाबंध II

(ग) मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश राज्यों के बीच 7 नवम्बर, 1975 को हुआ करार--उपाबंध III

(घ) उड़ीसा और मध्य प्रदेश राज्यों के बीच 9 दिसम्बर, 1975 को हुआ करार--उपाबंध IV

ख. महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और आंध्र प्रदेश के बीच तारीख 7 अगस्त, 1978 को हुआ करार जो इससे उपाबद्ध है और जिसे उपाबंध "ख" अंकित किया गया है । यह करार नीचे वर्णित करार, तारीख 2 अप्रैल, 1980 के उपबंधों के अधीन रहते हुए है ।

ग. आंध्र प्रदेश और कर्नाटक राज्यों के बीच तारीख 4 अगस्त, 1978 को हुआ करार जो इससे उपाबद्ध है और जिसे उपाबंध 'ग' अंकित किया गया है ।

घ. उड़ीसा और आंध्र प्रदेश राज्यों के बीच तारीख 15 दिसम्बर, 1978 को हुआ करार जो इससे उपाबद्ध है और जिसे उपाबंध 'घ' अंकित किया गया है । यह करार नीचे वर्णित करार, तारीख 2 अप्रैल, 1980 के उपबंधों के अधीन रहते हुए है ।

ङ. कर्नाटक और महाराष्ट्र राज्यों के बीच करार जिसके साक्ष्यस्वरूप तारीख 29 जनवरी, 1979, 30 जनवरी, 1979 और 31 जनवरी, 1979 के पत्र हैं । इससे उपाबद्ध इस करार को उपाबंध 'ङ' अंकित किया गया है ।

च. उड़ीसा और मध्यप्रदेश राज्यों के बीच तारीख 11 जुलाई, 1979 को हुआ करार जो इससे उपाबद्ध है और इसे उपाबंध 'च' में अंकित किया गया है ।

छ. आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और उड़ीसा के बीच तारीख 2 अप्रैल, 1980 को हुआ करार जो इससे उपाबद्ध है और जिसे उपाबंध 'छ' अंकित किया गया है ।

खण्ड VI

भारत सरकार की ओर से प्रस्तुत तारीख 3 अप्रैल, 1980 के कथन के, जो इससे उपाबद्ध है और जिसे उपाबंध 'ज' अंकित किया गया है, अनुसार हम निदेश देते हैं कि--

(1) पोलावरम परियोजना की केन्द्रीय जल आयोग द्वारा, यथासंभव शीघ्रता के साथ एफ आर एल 1 एम डब्ल्यू एल+150 फुट के लिए निकासी की जाएगी ;

(2) बांध के डिजाइन और उसके प्रचालन कार्यक्रम का मामला केन्द्रीय जल आयोग पर छोड़ दिया गया है जो पक्षकारों के बीच के सभी करारों को, जिसमें तारीख 2 अप्रैल, 1980 का करार भी सम्मिलित है, यथासाध्य, ध्यान में रखते हुए विनिश्चय करेगा ;

(iii) यदि प्रचालन कार्यक्रम में कोई परिवर्तन किया जाना है, जैसा कि 2 अप्रैल, 1980 के करार में उपवर्णित है, तो वह आंध्र प्रदेश, मध्यप्रदेश और उड़ीसा राज्यों से परामर्श के पश्चात् ही किया जाएगा । किन्तु डिजाइन संबंधी मामलों को पूर्णतः केन्द्रीय जल आयोग के लिए छोड़ दिया गया है ।

(2) आंध्र प्रदेश राज्य, केन्द्रीय जल आयोग के निदेशानुसार पोलावरम् परियोजना के संबंध में सभी रक्षोपायों का, जिसमें ऊपर उपखण्ड (1) में वर्णित रक्षोपाय भी है, पालन करेगा ।

खण्ड 7

इस अधिकरण के आदेश की कोई बात किसी राज्य के अपनी सीमाओं के भीतर जल का उपयोग, विनियमित करने या उस राज्य के भीतर जल की प्रसुविधा का ऐसी रीति में उपयोग करने के जो इस अधिकरण के आदेश से असंगत नहीं है, अधिकार या शक्ति या प्राधिकार का ह्रास नहीं करेगी ।

खण्ड 8

इस आदेश में

(क) किसी राज्य के राज्यक्षेत्र के अंदर किसी व्यक्ति या किसी भी प्रकृति की सत्ता द्वारा गोदावरी नदी के जल के उपयोग को उस राज्य द्वारा उपयोग के रूप में गिना जाएगा ।

(ख) उसके व्यकरणिक रूप के भेदों और सजातीय पदों के साथ "गोदावरी जल"--पद के अंतर्गत गोदावरी नदी की मुख्य जल धारा, उसकी सभी सहायक नदियां और ऐसी अन्य सभी जल धाराएं है जिनसे गोदावरी नदी में जल प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः आता है ।

(ग) गोदावरी द्रोणी की उपद्रोणी से इससे उपाबद्ध और उपाबंध "ग" अंकित कथन में वर्णित उपद्रोणियां अभिप्रेत हैं ।

(घ) करारों में विनिर्दिष्ट जल की मात्राओं का उपयोग 1 जून से आरंभ होने वाले और 31 मई को समाप्त होने वाले जल वर्ष के लिए है ।

खण्ड 9

इसमें अंतर्विष्ट कोई भी बात पक्षकारों के बीच करार द्वारा या संसद् द्वारा विधायन द्वारा सभी पूर्वगामी खण्डों या उनमें से किसी के परिवर्तन, संशोधन या उपान्तरण को निवारित नहीं करेगी ।

खण्ड 10

(क) महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और उड़ीसा की सरकारें अधिकरण के समक्ष उपस्थित होने के अपने अपने खर्च वहन करेंगी । अधिकरण के व्यय महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और उड़ीसा की सरकारों द्वारा बराबर-बराबर अंशों में वहन और संवत्त किए जाएंगे । इन निवेशों का संबंध अन्तर्राज्यिक जल विवाद अधिनियम, 1956 की धारा 5(1) के अधीन निर्देश से है ।

(ख) भारत सरकार और महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और उड़ीसा की सरकारें उक्त अधिनियम की धारा 5(3) के अधीन निर्देशों में अधिकरण के समक्ष उपस्थित होने के अपने-अपने खर्च स्वयं वहन करेंगी । पूर्वोक्त निर्देशों की बाबत अधिकरण के व्यय महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, मध्यप्रदेश और उड़ीसा की सरकारों द्वारा बराबर-बराबर अंशों मे वहन और संवत्त किए जाएंगे ।

उपाबन्ध "क"

गोदावरी नदी बेसिन करार

गोदावरी नदी और उसकी सहायक नदियों के जल के उपयोग के विषय में नई दिल्ली में 19 जुलाई, 1975 को हुई बैठक के पश्चात् आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उड़ीसा के पाँच राज्यों के बीच कुछ विचार विमर्श हुआ और उस विचार विमर्श के अनुसरण में इसमें आगे वर्णित राज्यों के बीच निम्नलिखित करार किया गया है, अर्थात्:—

(क) कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश राज्यों के बीच 17-9-1975 को हुआ करार —उपाबन्ध-I

(ख) महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश राज्यों के बीच 6-10-1975 को हुआ करार —उपाबन्ध-II

(ग) मध्य प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश राज्यों के बीच 7-11-1975 को हुआ करार —उपाबन्ध-III

(घ) उड़ीसा और मध्य प्रदेश राज्यों के बीच 9-12-1975 को हुआ करार —उपाबन्ध-IV

कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उड़ीसा राज्यों ने उक्त द्विपक्षीय करारों पर नई दिल्ली में 19-12-1975 को हुई अपनी बैठक में विचार किया है ।

अब कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उड़ीसा राज्य उक्त करारों के अनुसार गोदावरी नदी और उसकी सहायक नदियों के जल के उपयोग के लिए परियोजनाओं की मंजूरी और अनुमति दिए जाने के लिए इसके द्वारा करार करते हैं। किन्तु इन करारों की कोई भी बात किसी राज्य द्वारा अन्य राज्य के साथ किसी अन्य जल विवाद में अपनी दलीलों के बारे में अथवा गोदावरी और उसकी सहायक नदियों में जल की शेष मात्रा के अंशभाजन के संबंध में विवाद के बारे में रियायत नहीं समझी जाएगी। इस करार में राज्य से उक्त पांच राज्यों में से कोई भी राज्य अभिप्रेत है।

पांचों बेसिन राज्य इस बात के लिए सहमत हैं कि यह करार गोदावरी जल विवाद अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

इसके अभिसाक्ष्य स्वरूप हम संबंधित राज्यों के मुख्य मंत्री इस पर अपने हस्ताक्षर करते हैं।

नई दिल्ली,

दिसम्बर 19, 1975

ह०/—
(के० एन० सिंह)
उपमंत्री
कृषि और सिंचाई मंत्रालय
भारत सरकार ।
की उपस्थिति में—

ह०/—
(जगजीवन राम)
कृषि और सिंचाई मंत्री
भारत सरकार ।

ह०/—19-12-75
(जे० बेंगलराव)
मुख्य मंत्री,
आन्ध्र प्रदेश

ह०/—19-12-75
(डी० देवाराज अर्स)
मुख्य मंत्री
कर्नाटक

ह०/—19-12-1975
(पी० सी० सेठी)
मुख्य मंत्री
मध्य प्रदेश

ह०/—
29-12-75
(एस० बी० चह्वाण)
मुख्य मंत्री
महाराष्ट्र

ह०/—
(नन्दनी सतपथी)
मुख्य मंत्री
उड़ीसा

उपाबंध—I

कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश के मुख्य मन्त्रियों के बीच बंगलौर में 17 सितम्बर, 1975 को हुई बैठक का कार्यवृत्त

इसमें निम्नलिखित उपस्थित थे :

कर्नाटक	आन्ध्र प्रदेश
1. श्री डी० देवराज अर्स मुख्य मंत्री	1. श्री जे० वेंगल राव मुख्यमंत्री
2. श्री सुभाष अस्तर, बड़ी और मध्यम सिंचाई के लिए राज्यमंत्री	2. श्री चि० सुब्बायुडू नगर पालिका शासन मंत्री
3. श्री जी० वी० के० राव, मुख्य सचिव	3. श्री सी० आर० कृष्णास्वामी रावसाहेब, मुख्य मंत्री के सचिव ।
4. श्री आई० एम० मेग्डम, सरकार के विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग ।	4. श्री एम० गोपालकृष्णन्, सचिव सिंचाई और विद्युत
5. जे० सी० लाइन, मुख्यमंत्री के सचिव	5. श्री बी० गोपालकृष्णमूर्ति विशेष अधिकारी, जल-साधन
6. श्री बी० सुब्रामणियम अधीक्षण इंजीनियर डब्ल्यू० आर० डी० ओ०	6. श्री जी० के० एस० आयंगर, अधीक्षण इंजीनियर, अन्तरराज्यिक-1 जल-साधन
7. श्री ए० बी० शंकर राव अधीक्षण इंजीनियर डब्ल्यू० आर० डी० ओ०	
8. श्री एस० के० मोहन, सरकार के अवर सचिव लोक निर्माण विभाग	

1. विचार विमर्श कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश राज्यों में निजाम सागर के ऊर्ध्वप्रवाह परियोजनाओं के लिए अनुमति दिए जाने के संबंध में थे।

2. पूरे विचार विमर्श के पश्चात् अन्तरिम उपाय के रूप में निम्नलिखित बातों पर सहमति हुई :

(क) कर्नाटक निम्नलिखित दो परियोजनाओं के संबंध में कार्य आगे बढ़ा सकता है और जल का उपयोग इस प्रकार किया जाएगा जैसा कि प्रत्येक परियोजना के सामने बताया गया है :

परियोजना का नाम	जल का उपयोग
(i) करंजा परियोजना	13.10 टी एम सी फीट
(ii) चुलकीनाला परियोजना	1.17 टी एम सी फीट

(ख) आन्ध्र प्रदेश हैदराबाद नगर के लिए पेयजल के प्रयोजन के लिए 4 (चार) टी एम सी फीट के प्रत्याहरण के लिए सिंगूर में जलाशय के निर्माण का कार्य आगे बढ़ा सकता है ।

3. आन्ध्र प्रदेश ने बताया कि उनका प्रस्ताव सिंगूर में 30 टी एम सी फीट धारिता का एक जलाशय निर्मित करने की प्रस्थापना करता है और यह कि इसके परिणामस्वरूप कर्नाटक राज्य में कुछ भूमि जल में डूब सकती है । ऐसी सूरत में परियोजना के संबंध में और कर्नाटक की उस भूमि के बारे में जो जल में डूब सकती है ब्यौरा कर्नाटक सरकार को उनके विचार के लिए प्रस्तुत दिया जाएगा । कर्नाटक ने कहा कि जलाशय से वाष्पीकरण के द्वारा होने वाली हानि आन्ध्र प्रदेश के अंश में से होनी चाहिए ।

4. आन्ध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री मंजीरा उप बेसिन में परियोजना के निर्माण के बारे में महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री से भी विचार-विमर्श कर रहे हैं । यदि कोई सहमति होती है तो उसका ब्यौरा कर्नाटक सरकार को उपलब्ध किया जाएगा जिससे कि तीनों राज्य सरकारें परस्पर संगत करार कर सकें ।

5. इन तीन राज्यों के बीच होने वाले अन्तरिम करार का ब्यौरा भारत सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा और उपयुक्त समय पर अधिकरण के समक्ष भी प्रस्तुत किया जाएगा ।

डी० देवराज अर्स	जे० वेंगल राव
मुख्य मंत्री	18-9-1975
कर्नाटक	मुख्य मंत्री आन्ध्र प्रदेश

उपाबंध— 2

महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश के मुख्य मंत्रियों के बीच 6 अक्तूबर, 1975 को हैदराबाद में हुई बैठक का कार्यवृत्त

इसमें निम्नलिखित उपस्थित थे :—

आन्ध्र प्रदेश	महाराष्ट्र
1. श्री जे० वेंगलराव, मुख्य मंत्री	1. श्री एस० बी० चह्वाण, मुख्य मंत्री
2. श्री जे० चोका राव, कृषि और परिवहन मंत्री	2. श्री बी० बी० पाटिल, सिंचाई मंत्री
3. श्री एन० भगवानदास, आई०ए०एस० मुख्य सचिव	3. श्री एम. एन० फाडके, बैरिस्टर-एट-ला
4. श्री पी० रामाचन्द्रा रेड्डी महाधिवक्ता	4. श्री बी० आर० दयोस्कर, सचिव सिंचाई विभाग
5. श्री ए० कृष्णस्वामी, आई० ए० एस० प्रथम सदस्य, राजस्व बोर्ड	5. श्री एम० जी० पाध्ये, मुख्य इंजीनियर (डब्ल्यू आर) और संयुक्त सचिव, सिंचाई विभाग
6. श्री सी०आर० कृष्णास्वामी राव साहिब, आई ए० एस० मुख्यमंत्री के सचिव	6. श्री के० एस० शंकर राव, एस० ई० तथा उप सचिव सिंचाई विभाग
7. श्री एम० गोपालकृष्णन, आई० ए० एस० सचिव, सिंचाई और विद्युत	7. श्री श्रीधर राव जोशी, विशेष अधिकारी, सिंचाई विभाग ।
8. श्री पी० सीतापति, आई० ए० एस० संयुक्त सचिव, सिंचाई और विद्युत	
9. श्री पी० गोपालकृष्णमूर्ति, विशेष अधिकारी, जल-साधन	
10. श्री एम० जफर अली, सलाहकार, सिंचाई ।	

11. श्री बी० बी० शास्त्री,
सरकारी प्लीडर

12. श्री जी० के० एस० आयंगर,
एस० ई०, अन्तरराज्यिक
सर्कल-1

विचार विमर्श गोदावरी नदी और उसकी सहायक नदियों पर परियोजनाओं का अनुमोदन किए जाने और उनके जल के उपयोग के संबंध में हुआ ।

पूरे विचार विमर्श के पश्चात् निम्नलिखित बातों पर सहमति हुई :—

I. महाराष्ट्र गोदावरी पर पैथन बांध स्थल तक और पूरना पर सिद्धेश्वर बांध स्थल तक सभी जल का उपयोग अपने फायदे के लिए कर सकता है ।

II. (i) गोदावरी पर पैथम बांध स्थल के नीचे गोदावरी बेसिन के क्षेत्र में और पूरना पर सिद्धेश्वर बांध स्थल के नीचे तथा मंजीरा पर निजाम सागर बांध स्थल के नीचे से लेकर गोदावरी पर पोचमपाद बांध स्थल तक महाराष्ट्र नई परियोजनाओं के लिए 60 टी एम सी से अनधिक जल का उपयोग कर सकता है जिसके अन्तर्गत यथास्थिति इस समय मंजूर या अनुमति प्राप्त उपयोग से अधिक कोई अतिरिक्त उपयोग भी है ।

(ii) आन्ध्र प्रदेश एफ आर एल 1091 और एम डब्ल्यू एल 1093 सहित अपनी पोचमपाद बांध परियोजना का निर्माण प्रारम्भ कर सकता है और वह पोचमपाद बांध स्थल तक सभी शेष जल का उपयोग ऐसी रीति में कर सकता है जो वह अपने फायदे के लिए चुने । महाराष्ट्र ऐसी भूमि या संरचनाओं को अर्जित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करेगा जो पोचमपाद परियोजना के अन्तर्गत जलमग्न हो जाएगी और आन्ध्र प्रदेश अर्जन का खर्च, विस्थापित परिवारों के पुनर्वास का खर्च और कुछ ऐसे पुल और सड़कों जो आवश्यक हो जाएं निर्मित करने का खर्च उठाने के लिए सहमत है । महाराष्ट्र नदी और सरिसातल के जलप्लावन के लिए भी सहमत है ।

III. (i) निजाम सागर बांध स्थल के ऊपर मंजीरा उप बेसिन में महाराष्ट्र नई परियोजनाओं के लिए 22 टी एम सी से अनधिक जल का उपयोग कर सकता है और इसके अन्तर्गत यथास्थिति इस समय मंजूर या अनुमति प्राप्त उपयोग से अधिक अतिरिक्त उपयोग भी है ।

(ii) आन्ध्र प्रदेश मंजीरा पर अपनी प्रस्तावित सिंगूर परियोजना से हैदराबाद नगर को पेय जल के प्रदाय के लिए 4 टी एम सी जल प्रत्याहृत कर सकता है ।

(iii) आन्ध्र प्रदेश 30 टी एम सी संचय धारिता वाली सिंगूर परियोजना का निर्माण कर सकता है । आन्ध्र प्रदेश निजाम सागर परियोजना के अधीन 58 टी एम सी का भी उपयोग कर सकता है ।

IV. महाराष्ट्र निजाम सागर बांध स्थल के ऊर्ध्वप्रवाह में मंजीरा उपबेसिन में कर्नाटक द्वारा प्रस्तावित उपयोग के संबंध में आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक राज्यों के बीच हुए करार से सहमत है ।

V. महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश दोनों ही अलग अलग नई परियोजनाओं के लिए पोचमपाद बांध स्थल के नीचे 30 टी एम सी जल की अतिरिक्त मात्रा का उपयोग कर सकेंगे ।

VI. महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश सिद्धांत रूप में हितबद्ध राज्यों अर्थात् महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश राज्यों द्वारा सामान्य रूप से यथा सहमत एफ आर एल के साथ इन्दम पल्ली परियोजना को प्रारम्भ करने के लिए सहमत हैं ।

VII. महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश तय पाए गए जल उपयोग सहित उपयुक्त समय पर निम्नलिखित संयुक्त परियोजनाएं प्रारम्भ करने के लिए सहमत हैं :—

(क) लेंडी परियोजना

(ख) लोअर पेनगंगा परियोजना

(ग) प्राणहिता परियोजना

और वे इस प्रयोजन के लिए संयुक्त समितियां स्थापित करने के लिए भी सहमत हैं ।

VIII. महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश राज्य इस बात से सहमत है कि यह करार भारत सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा और उपयुक्त समय पर गोदावरी जल विवाद अधिकरण के समक्ष भी प्रस्तुत किया जाएगा ।

ह०
(जे० बेंगल राव)
6-10-75
मुख्य मंत्री,
आन्ध्र प्रदेश

ह०
(एस० बी० चह्वाण)
6-10-75
मुख्य मंत्री,
महाराष्ट्र

उपाबन्ध-3

मध्य प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश के मुख्य मंत्रियों के बीच 7 नवम्बर 1975 को नई दिल्ली में हुई बैठक का कार्यवृत्त

इसमें निम्नलिखित उपस्थित थे :—

मध्य प्रदेश	आन्ध्र प्रदेश
1. श्री पी०सी० सेठी, मुख्य मंत्री	1. श्री जे० बेंगल राव, मुख्य मंत्री ।
2. श्री बी०आर०उइके, सिंचाई और बिजली मंत्री ।	2. श्री पी० रामचन्द्र रेड्डी, महाधिवक्ता ।
3. श्री मनोहर केशव, सचिव, सिंचाई और बिजली ।	3. श्री सी०आर० कृष्णास्वामी राव साहिब, मुख्यमंत्री के सचिव ।
4. श्री वाई०एस०चितले, ज्येष्ठ अधिवक्ता ।	4. श्री सी०एम० शास्त्री विशेष आयुक्त, आन्ध्र प्रदेश सरकार ।
5. श्री आर०सी० जैन, आयुक्त, मध्य प्रदेश ।	5. श्री एम० गोपालकृष्णन सचिव, सिंचाई तथा विद्युत ।
6. श्री एस०आर० भाटिया, मुख्य मंत्री के सचिव ।	6. श्री बी० गोपालकृष्णामूर्ति, विशेष अधिकारी, जल साधन ।
7. श्री बी०एम० चितले, उपसचिव, सिंचाई ।	7. श्री बी० बी० शास्त्री, सरकारी प्लीडर ।
8. श्री एच०बी० महाजनी, अधीक्षण इंजीनियर, गोदावरी बेसिन सर्कल ।	8. श्री जी०के०एस० आयंगर, अधीक्षण इंजीनियर, अन्तर्राज्यिक सर्कल-1 ।

विचार विमर्श परियोजनाओं के अनुमोदन तथा गोदावरी नदी और उसकी सहायक नदियों के जल के उपयोग में संबंध में हुआ ।

पूरे विचार विमर्श के पश्चात् निम्नलिखित बातों पर सहमति हुई—

(i) मध्य प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश में से प्रत्येक पोचमपाद बांध स्थल के नीचे गोदावरी नदी और उसकी सहायक नदियों के जल में से 300 टी०एम०सी० जल की अतिरिक्त सकल मात्रा का उपयोग नई परियोजनाओं के लिए कर सकेगा ।

(ii) मध्य प्रदेश साधारणतः उस करार से सहमत है जो 6-10-75 को आन्ध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच हुआ था। उक्त खण्ड 1 में उल्लिखित 300 टी एम सी की मात्रा उस 300 टी० एम० सी० के अतिरिक्त नहीं होगी जो आन्ध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच तारीख 6-10-75 को हुए करार के अनुसार तय पाई गई है।

(iii) आन्ध्र प्रदेश के लिए उक्त खण्ड 1 और 2 में निर्दिष्ट 300 टी एम सी के लिए सहमत होने में मध्य प्रदेश ने अपनी ओर से केवल बेसिन के भीतर अनुमानित अपेक्षाओं को ध्यान में रखा है।

(iv) मध्य प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश संबंधित राज्यों अर्थात् महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश द्वारा समान रूप से तय पाए गए एफ०आर० एल० के सहित इन्द्रावती परियोजना को प्रारम्भ करने के लिए सिद्धांत रूप से सहमत है।

(v) यह भी करार किया जाता है कि मध्य प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश इन्द्रावती परियोजना एक संयुक्त परियोजना के रूप में जिसकी लागत और फायदे उक्त 3 राज्यों के बीच समान करार के अनुसार न्यायोचित रूप से बांटे जाएंगे, प्रारम्भ करने की संभाव्यता पर विचार करेंगे।

(vi) मध्य प्रदेश इस बात के लिए सहमत है कि आन्ध्र प्रदेश तालीपेरु परियोजना को प्रारम्भ करे जिसमें खण्ड 1 में तय पाए गए 300 टी एम सी जल में से 5 टी एम सी (कुल) जल का उपयोग और मध्य प्रदेश में केवल सरितापाट का निमज्जन सम्मिलित है। आन्ध्र प्रदेश अपने खर्च पर ऐसे संरक्षी उपाय करने के लिए सहमत है जो मध्य प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के निमज्जन को रोकने के लिए मध्य प्रदेश के साथ परामर्श करके आवश्यक होंगे।

(vii) मध्य प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश राज्य यह करार करते हैं कि इस करार की कोई भी बात दोनों में से किसी भी राज्य द्वारा किसी अन्य राज्य के साथ किसी अन्य जल विवाद में या गोदावरी और उसकी सहायक नदियों के शेष जल के अंशभाजन के संबंध में विवाद के बारे में उनकी किसी दलील के संबंध में रियायत के रूप में नहीं मानी जाएगी।

(viii) मध्य प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश इस बात के लिए सहमत हैं कि यह करार भारत सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा और उससे अनुरोध किया जाएगा कि वह परियोजनाओं का शीघ्र अनुमोदन करदे। यह करार गोदावरी जल विवाद अधिकरण के समक्ष उपयुक्त समय पर संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया जाएगा।

ह०	ह०
(पी०सी०सेठी)	(जे० वेंगल राव)
तारीख 7-11-75	तारीख 7-11-75
मुख्य मंत्री,	मुख्य मंत्री,
मध्य प्रदेश।	आन्ध्र प्रदेश।

उपाबन्ध—4

उड़ीसा और मध्य प्रदेश राज्यों के बीच 9-12-1975 को हुआ करार

उड़ीसा और मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्रियों के बीच 9 दिसम्बर 1975 को नई दिल्ली में हुई बैठक का कार्यवृत

इसमें निम्नलिखित उपस्थित थे :—

उड़ीसा	मध्य प्रदेश
1. श्रीमती नन्दिनी सतपथी, मुख्य मंत्री ।	1. श्री पी०सी० सेठी, मुख्य मंत्री ।
2. श्री दिव्य लोचन शेखर देव, सिंचाई और विद्युत मंत्री।	2. श्री वी०आर० उइके, सिंचाई और विद्युत मंत्री ।
3. श्री बी०के० मिश्र, अपर विकास आयुक्त।	3. श्री अजीज कुरेशी, सिंचाई और विद्युत के लिए राज्य मंत्री।
4. श्री एन०आर० होता, सचिव, सिंचाई और विद्युत ।	4. श्री मनीष वहल, सचिव सिंचाई और बिजली ।
5. श्री सुरेश चन्द्र त्रिपाठी, मुख्य इंजीनियर, सिंचाई ।	5. श्री. के०एल० हांडा, सिंचाई सलाहकार।
6. श्री के०एस०आर० चन्दन, विशेष आयुक्त सम्पर्क ।	6. श्री वाई० एस० चितले, ज्येष्ठ अधिवक्ता ।
7. श्री आर०के० रथ, मुख्यमंत्री के सचिव।	7. श्री आर०सी० जैन, आयुक्त, मध्य प्रदेश ।
8. श्री गोविन्द दास, ज्येष्ठ अधिवक्ता।	8. श्री वी० एम० चितले, उपसचिव, सिंचाई ।
9. श्री एम० लाथ, कार्यपालक इंजीनियर।	9. श्री एच० वी० महाजनी, अधीक्षण इंजीनियर ।

विचार विमर्श गोदावरी बेसिन के जल के उपयोग और मध्य प्रदेश और उड़ीसा की परियोजनाओं के अनुमोदन के संबंध में हुआ।

2. पूरे विचार विमर्श के पश्चात निम्नलिखित करार हुआ :—

I. जब तक गोदावरी के जल का अन्तिम रूप से आबंटन नहीं हो जाता है मध्य प्रदेश और उड़ीसा पोचमपाद बांध स्थल के नीचे गोदावरी बेसिन के जल में से क्रमशः 300 टी. एम सी. और 200 टी एम सी कुल अतिरिक्त जल का उपयोग कई परियोजनाओं के लिए ऐसी रीति में कर सकेंगे जैसी वे ठीक समझें।

II. उड़ीसा के लिए खण्ड (1) में निर्दिष्ट 200 टी एम सी के सहमत होने में मध्य प्रदेश ने अपनी ओर से केवल बेसिन के भीतर अनुमानित अपेक्षाओं को ध्यान में रखा है। विभिन्न खण्डों में उड़ीसा और मध्य प्रदेश द्वारा जितने जल के उपयोग की बात सोची गई है वह उक्त खण्ड एक में तय पाये गए क्रमशः 200 टी एम सी और 300 टी एम सी का भाग रूप ही होगा। उड़ीसा और मध्य प्रदेश राज्य पश्चातवर्ती खण्ड के आधार पर क्रमशः 200 टी एम सी और 300 टी एम सी से अधिक जल के किसी भी रूप में उपयोग के लिए हकदार नहीं होंगे।

III. उड़ीसा द्वारा यथा प्रस्थापित अपर इन्द्रावती परियोजना के बांध स्थल के नीचे मध्य प्रदेश के साथ लगने वाली उड़ीसा की सीमा तक इंद्रावती उपबेसिन में लगभग 1855 वर्ग मील का एक जलग्रहण क्षेत्र है। इस जलग्रहण क्षेत्र से जौरा नाला होकर साबरी (कोलाब) नदी तक कुछ प्राकृतिक जल प्रवाह होता है। यह करार हुआ उड़ीसा मध्य प्रदेश के साथ अपनी सीमा पर इन्द्रावती और उसकी सहायक नदियों में 45 टी एम सी जल का प्रवाह इस बात के साथ सुनिश्चित करेगा कि उसमें से 75 प्रतिशत जल मध्य प्रदेश के उपयोग के लिए उपलब्ध रहे। जल की कमी वाले वर्षों में जल की कमी दोनों राज्यों के बीच आनुपातिक रूप से सहन की जाएगी और अपर इन्द्रावती और उसकी सहायक नदियों में जिस प्रवाह का आश्वासन दिया गया है वह भी आनुपातिक रूप से कम हो जाएगा। दोनों राज्य जल प्राप्ति के आंकड़े अभिनिश्चित करने के लिए और 75 प्रतिशत निर्भरता पर 45 टी एम सी का प्रवाह या कमी वाले वर्षों में आनुपातिक रूप से ऐसा कम प्रवाह जो मिली जुली सीमा के नीचे प्रवाहित होना है सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त स्थानों पर संयुक्त रूप से माप करने का करार करते हैं। 45 टी एम सी की संख्या इस उपधारणा पर आधारित है कि उड़ीसा में इन्द्रावती उपबेसिन

से कुल 104 टी एम सी जल प्राप्त होगा और अपर इन्द्रावती परियोजना के लिए 91 टी एम सी जल का उपयोग होगा। यदि यह पाया जाता है कि 204 टी एम सी का निर्धारण अधिक है और सही अंक 204 टी एम सी से कम है तथा यह कि अपर इन्द्रावती परियोजना के लिए जल का उपयोग 91 टी एम सी से घट जाता है तो 45 टी एम सी का अंक उसी अनुपात में कम हो जाएगा जिस अनुपात में 91 टी एम सी के अंक में कमी होती है।

IV. उक्त खण्डों में समाविष्ट करार को दृष्टि में रखते हुए मध्य प्रदेश अपर इन्द्रावती परियोजना के, जो उड़ीसा ने भारत सरकार को प्रस्थापित और प्रस्तुत की थी, अनुमोदन और निष्पादन के लिए सहमत है। उड़ीसा भी बौद्ध घाट परियोजना के, जिस रूप में वह खण्ड 3 में विनिर्दिष्ट जल की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश द्वारा उपांतरित की जाए अनुमोदन और निष्पादन के लिए सहमत है।

V. यह करार किया जाता है कि मध्य प्रदेश और उड़ीसा साबरी उपबेसिन में उस स्थान से जहां साबरी (कोलाब) नदी दोनों राज्यों के बीच मिली-जुली सीमा बनाती है, उस स्थान पर जहां वह नदी सिरेरु नदी से मिलती है, उपयुक्त समय पर तैयार किए जाने वाले समान करारों के आधार पर संयुक्त परियोजनाओं के प्रारम्भ करने की संभाव्यता पर विचार करेंगे। इन परियोजनाओं में जल विद्युत और ऐसी विद्युत के उत्पादन के लिए विकलनीय खर्च दोनों राज्यों के बीच न्यायोचित रूप से बराबर-बराबर अंश भाजित किया जायेगा। यदि इन परियोजनाओं से सिंचाई का कोई लाभ होता है तो वह और सिंचाई का खर्च दोनों राज्यों के बीच उचित रूप से अंश भाजित होगा। उड़ीसा मिली-जुली सीमा स्थल से ऊपर तथा उसके राज्य क्षेत्र के अन्दर आने वाले इस नदी के जल का फायदाप्रद उपयोग ऐसी रीति में कर सकेगा जो वह ठीक समझे।

VI. साबरी (कोलाब) नदी पर संयुक्त परियोजनाओं के विषय में करार, जिसका उल्लेख खण्ड 5 में किया गया है, के होते हुए भी यदि दूसरे राज्य द्वारा अथवा गोदावरी बेसिन में किसी भी अन्य राज्य द्वारा प्रायोजित अन्य परियोजनाओं द्वारा उक्त दोनों राज्यों में किसी राज्य की भूमि और सम्पत्तियां जल निमग्न हो जाती हैं तो निमज्जन का प्रश्न और उससे संबंधित समस्याएं ऐसी परियोजनाओं के निष्पादन से पूर्व आपस में तय की जानी होंगी।

VII. मध्य प्रदेश और उड़ीसा यह करार करते हैं कि इस करार की कोई भी बात दोनों में से किसी भी राज्य द्वारा किसी अन्य राज्य के साथ किसी अन्य जल विवाद में या गोदावरी और उसकी सहायक नदियों के शेष जल के अंशभाजन के संबंध में विवाद के बारे में उनकी किसी दलील के संबंध में रियायत के रूप में नहीं मानी जाएगी।

VIII. मध्य प्रदेश और उड़ीसा इस बात के लिए सहमत हैं कि यह करार भारत सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा और उससे अनुरोध किया जाएगा कि वह परियोजनाओं का शीघ्र अनुमोदन कर दे। यह करार गोदावरी जल विवाद अधिकरण के समक्ष उपयुक्त समय पर संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया जायगा।

ह०	ह०
नन्दिनी सतपथी	पी०सी० सेठी,
मुख्य मंत्री	मुख्य मंत्री
उड़ीसा	मध्य प्रदेश
तारीख 9-12-1975	तारीख 9-12-1975

(सत्यप्रति जो उड़ीसा के मुख्य मंत्री द्वारा, केन्द्रीय कृषि और सिंचाई मंत्री को लिखे गए उनके अर्द्ध शासकीय पत्र 7173 तारीख 9-12-1975 के साथ प्राप्त हुआ है।)

ह०

एम०जे० देसाई
उप सचिव (एफ)
कृषि और सिंचाई मंत्रालय (सिंचाई विभाग)

उपाबन्ध "ख"

महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश राज्यों के बीच किया गया करार

महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश राज्यों के प्रतिनिधियों के बीच हुए विचार-विमर्श के आधार पर निम्नलिखित करार आन्ध्र प्रदेश राज्य में पोचमपाद बांध के अनुप्रवाह, गोदावरी और उसकी सहायक नदियों के जल के उपबेसिन के अनुसार आबंटन के संबंध में तारीख 19-12-1975 के अन्तरराज्यिक करार के अधीन करार पाए गए आबंटन को ध्यान में रखते हुए और उसको अग्रसर करते हुए तथा उसके अनुपूरक के रूप में उसमें वर्णित विभिन्न उपबेसिनों के समस्त जल के अंतिम रूप से आबंटन के लिए किया गया है।

(I) जी-5 मध्य गोदावरी उपबेसिन :

(1) महाराष्ट्र

महाराष्ट्र राज्य पोचमपाद बांध के अनुप्रवाह विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित परियोजनाओं/स्कीमों के लिए मध्य गोदावरी उपबेसिन में 0.4 टी एम सी जल की मात्रा का उपयोग कर सकेगा।

(2) आन्ध्र प्रदेश

आन्ध्र प्रदेश राज्य पोचमपाद बांध के अनुप्रवाह मध्य गोदावरी उपबेसिन में से शेष समस्त जल का उपयोग कर सकेगा।

(II) जी-6 मनेर उप-बेसिन :

आन्ध्र प्रदेश

आन्ध्र प्रदेश राज्य मनेर उप-बेसिन के समस्त जल का उपयोग कर सकेगा ।

(III) जी-7 पेनगंगा उप-बेसिन :

(1) महाराष्ट्र

(क) महाराष्ट्र राज्य निम्नलिखित सीमा तक समस्त जल का उपयोग कर सकेगा :

(i) पेनगंगा नदी पर चिकल धर्रा के निकट लोअर पेनगंगा परियोजना स्थल अक्षांश 19°—55′ उत्तर और रेखांश 75°—15′ पूर्व इस शर्त के अधीन रहते हुए कि लोअर पेनगंगा परियोजना संयुक्त परियोजना के रूप में प्रारम्भ की जाएगी। संयुक्त परियोजना के ब्यौरे के बारे में महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश राज्यों द्वारा अलग से बात की जाएगी।

(ii) येलबारह ग्राम के निकट वाघडी नदी पर वाघडी परियोजना बांध स्थल, अक्षांश 20°-12′-30″ उत्तर और रेखांश 78°—18′—10″ पूर्व।

(iii) लिंग ग्राम के निकट खूनी नदी पर साइखेरा बांध—अक्षांश 20°—06′—30″ उत्तर और रेखांश 78°—28′—15″ पूर्व।

(ख) उक्त खण्ड (iii) (1) (क) (i) से लेकर (क) (iii) तक में विनिर्दिष्ट स्थानों तक के पेनगंगा उपबेसिन के समस्त जल के उपयोग के अतिरिक्त महाराष्ट्र राज्य पेनगंगा उप बेसिन के शेष भाग के जल से अपनी विद्यमान निर्माणाधीन और प्रस्थापित स्कीमों/परियोजनाओं के लिए 9 टी एम सी जल का उपयोग कर सकेगा। किन्तु इन में से प्रत्येक स्कीम या परियोजना पर वार्षिक उपयोग 1.5 टी एम सी से अधिक नहीं होगा।

(2) आन्ध्र प्रदेश

आन्ध्र प्रदेश राज्य पेनगंगा बेसिन के शेष जल का उपयोग कर सकेगा।

(IV) जी-8 वार्धा उप-बेसिन :

(1) मध्य प्रदेश :

(क) मध्य प्रदेश राज्य तारीख 18 दिसम्बर, 1968 के मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच कुछ अन्तरराज्यिक सिंचाई और जल विद्युत परियोजनाओं संबंधी करार के निबन्धनों के अनुसार अपनी ऐसी विद्यमान निर्माणाधीन और प्रस्थापित स्कीमों/परियोजनाओं के लिए जो महाराष्ट्र राज्य की विचाराधीन अपर वार्धा परियोजना के ऊर्ध्व प्रवाह पर स्थित है, 9 टी एम सी जल का उपयोग कर सकेगा।

(ख) उक्त खण्ड (4) (1) (क) में वर्णित जल के उपयोग के अतिरिक्त मध्य प्रदेश राज्य उपबेसिन के शेष भाग में अपनी विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित स्कीमों/परियोजनाओं के लिए 1 टी एम सी जल का उपयोग कर सकेगा।

(2) महाराष्ट्र :

(i) मध्य प्रदेश राज्य द्वारा जल के उस उपयोग के अधीन रहते हुए जो ऊपर अनुबन्धित महाराष्ट्र राज्य अपनी विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित परियोजनाओं/स्कीमों के लिए निम्नलिखित स्थानों तक वार्धा नदी और/या उसकी सहायक नदियों के समस्त जल का उपयोग कर सकेगा :

(क) उक्त पैरा (4) (1) (क) के अधीन रहते हुए तुलना ग्राम में वार्धा नदी पर तुलना परियोजना तक, अक्षांश 20°–12′ उत्तर और रेखांश 78°–75′ पूर्व।

(ख) तुलना परियोजना स्थल के अनुप्रवाह वर्धा नदी में मिलने वाली सहायक नदियों पर निम्नलिखित स्थानों तक :

(i) चरगांव परियोजना (निर्माणाधीन) जो चरगांव नदी पर है—अक्षांश 20°–23′–20″ उत्तर और रेखांश 79°–10′–45″ उत्तर

(ii) निर्गुडा परियोजना, अक्षांश 20°–03′ उत्तर और रेखांश 78°–53′–पूर्व, तथा

(iii) बांद्रा परियोजना अक्षांश 19°–40′–15″ उत्तर और रेखांश 79°–23′–55″ पूर्व।

(ii) खण्ड (IV) (2ङ) (i) (क) और (ख) में यथाविनिर्दिष्ट परियोजनाओं तक जल के उपयोग के अतिरिक्त उक्त परियोजना स्थलों के अनुप्रवाह वार्धा उपबेसिन में विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित स्कीमों के लिए निम्नलिखित जल के उपयोग का करार किया जाता है :—

(1)	मुधाली परियोजना	2.80 टीएमसी
(2)	धनोरा बंधिका से लिफ्ट सिंचाई	2.70 ,,
(3)	मरेड बंधिका से लिफ्ट सिंचाई	2.80 ,,
(4)	कहमान बंधिका से लिफ्ट सिंचाई	2.00 ,,
(5)	टोहेगांव बंधिका से लिफ्ट सिंचाई	1.60 ,,
(6)	सोनापुर बंधिका से लिफ्ट सिंचाई	2.00 ,,
(7)	उसागांव बुलसानी और चनुर लिफ्ट सिंचाई स्कीमें	3.00 ,,
(8)	अन्य स्कीमें जिनमें से प्रत्येक में अलग-अलग 1.5 टी एम सी से अधिक जल का उपयोग नहीं होता है।	9.10 ,,
	कुल :	26.00 ,,

परन्तु यदि उक्त (1) से (7) तक की मदों में से किसी के लिए आबंटन के लिए तय पाई गई जल की पूरी मात्रा इनमें से किसी परियोजना के उपयोग के लिए मंजूर नहीं की जाती है तो इसमें इसके पूर्व उक्त मद (1) से (7) तक की परियोजनाओं के लिए आबंटित जल की मात्रा का शेष भाग महाराष्ट्र राज्य द्वारा मद (1ङ) से (8) में यथा विनिर्दिष्ट अन्य परियोजनाओं में से किसी भी उपयोग के लिए इस शर्त के अधीन रहते हुए मंजूर की जा सकती है कि मद (1) से (8) तक यथा विनिर्दिष्ट परियोजनाओं के लिए मंजूर की गई समस्त जल की मात्रा का कुल उपयोग 26 टी एम सी से अधिक नहीं होगा।

(3) आन्ध्र प्रदेश

आन्ध्र प्रदेश राज्य वार्धा उपबेसिन के शेष समस्त जल का उपयोग कर सकता है।

(V) जी-9 प्रणहिता उप-बेसिन :

(i) मध्य प्रदेश

(क) मध्य प्रदेश राज्य प्रणहिता उप-बेसिन में नीचे बताए गए स्थानों तक विभिन्न विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित परियोजनाओं/स्कीमों के लिए समस्त जल का उपयोग कर सकता है :

कानहन उप-घाटी :

(i) नन्दना एकीकृत परियोजना .

(क) नन्दना ग्राम के निकट कानहन नदी की सहायक नदी पर नन्दना बांध स्थल अक्षांश 20°–13′–0″ उत्तर और रेखांश 78°–28′–48″ पूर्व।

(ख) पिपरिया ग्राम के निकट कानहन नदी पर वेंकटवारी बांध स्थल अक्षांश 22°–12′–24″ उत्तर और रेखांश 78°–26′–48″ पूर्व।

(ii) अमला एकीकृत परियोजना

(क) अमला ग्राम के निकट बेल नदी पर अमला बांध स्थल अक्षांश 21°–55′–0″ उत्तर और रेखांश 78°–08′–50″ पूर्व।

(ख) परसादी ग्राम के निकट बेल नदी की सहायक नदी पर परसादी बांध स्थल अक्षांश 21°–56′–55″ उत्तर और रेखांश 78°–12′–0″ पूर्व।

(ग) धुतमूर ग्राम के निकट बेल नदी की सहायक नदी पर धुतमूर बांध स्थल अक्षांश 21°–58′–0″ उत्तर और रेखांश 78°–13′–0″ पूर्व।

(घ) मोहाली ग्राम के निकट बेल नदी की सहायक नदी पर मोहाली बांध स्थल अक्षांश 21°–58′–0″ उत्तर और रेखांश 78°–12′–0″ पूर्व।

(iii) दोकदोह एकीकृत परियोजना

(क) दोकदोह ग्राम के निकट दोकदोह नाले पर दोकदोह बांध स्थल अक्षांश 21°–33′–50″ उत्तर और रेखांश 78°–44′–15″ पूर्व।

(ख) चिरकुटागोंडी ग्राम के निकट जमनाला की सहायक नदी पर चिरकुटागोंडी बांध स्थल अक्षांश 21°–35′–0″ उत्तर और रेखांश 78°–41′–0″ पूर्व।

(ग) खेरी ग्राम के निकट कानहन की सहायक नदी पर खेरी बांध स्थल अक्षांश 21°-31'-0" उत्तर और रेखांश 78°-50'-0" पूर्व ।

(घ) छिन्दवानी ग्राम के निकट दोकदोह नाला की सहायक नदी पर छिन्दवानी बांध स्थल अक्षांश 21°-34'-0" उत्तर और रेखांश 78°-45'-48" पूर्व ।

(iv) मोहगांव एकीकृत परियोजना

(क) मोहगांव ग्राम के निकट सम्पना नाला पर मोहगांव बांध स्थल अक्षांश 21°-38'-55" उत्तर और रेखांश 78°-43'-30" पूर्व ।

(ख) जमलापानी ग्राम के निकट सातकी नाला पर जमलापानी बांध स्थल अक्षांश 21°-40'-20" उत्तर और रेखांश 78°-43"-20" पूर्व ।

(ग) अम्बाखापा ग्राम के निकट खुरपारा नाला पर खुरपारा बांध स्थल अक्षांश 21°-39'-0" उत्तर और रेखांश 78°-40'-0" पूर्व ।

(घ) कोडर ग्राम के निकट जामनाला पर जामनाला बांध स्थल अक्षांश 21°-38'-0" उत्तर और रेखांश 78°-38'-0" पूर्व ।

(v) सेवना नाला परियोजना

(क) बवोसा ग्राम के निकट सोवना नाला पर सोवना बांध स्थल अक्षांश 21°-41'-15" उत्तर और रेखांश 78°-53'-40" पूर्व ।

(ख) उक्त खण्ड (V) (1)(क) में यथाविनिर्दिष्ट परियोजना स्थलों के अनुप्रवाह मध्य प्रदेश राज्य अपनी विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित परियोजनाओं/स्कीमों के लिए 14 टी एम सी अतिरिक्त जल का उपयोग कर सकेगा । ऐसी परियोजनाओं/स्कीमों में से प्रत्येक द्वारा प्रतिवर्ष 1.5 टी एम सी से अधिक जल का उपयोग नहीं किया जाएगा ।

(ग) (क) महाराष्ट्र राज्य ने सुझाव दिया है कि महाराष्ट्र राज्य के उपयोग के लिए जल को विनियमित करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश राज्य के क्षेत्र में कुछ जल भण्डार बनाने की आवश्यकता है । इस परिस्थिति विशेष में विशेष मामले के रूप में मध्य प्रदेश राज्य अपने राज्य क्षेत्र के भीतर के स्थानों पर कानहन नदी पर भण्डार निर्मित करने या उनमें वृद्धि करने के लिए सहमत हो गया है । इन भण्डार व्यवस्थाओं की अवस्थिति मध्य प्रदेश राज्य द्वारा तय की जाएगी और ये 15 अक्तूबर से 30 जून के बीच की अवधि में महाराष्ट्र राज्य में उपयोग के लिए 75 प्रतिशत निर्भरता के आधार पर कानहन के 15 टी एम सी प्रवाह को विनियमित करने के लिए होंगी । ये भण्डार महाराष्ट्र राज्य के लिए बनाए जाएंगे इसलिए यथास्थिति इन भण्डारों या इनकी धारिता में वृद्धि का पूरा खर्च जिसके अन्तर्गत भूमि और सम्पत्तियों के लिए प्रतिकर का खर्च और पुनर्वास का खर्च आदि भी है ऐसे संकर्मों के लिए निश्चित मानदण्डों के अनुसार जो परियोजना के निर्माण के समय देश में प्रचलित हैं उपगत होगा और यह पूरा खर्च महाराष्ट्र राज्य द्वारा उठाया जाएगा । ऐसे भण्डार/भण्डारों या उनकी धारिता में वृद्धि की व्यवस्था के ब्यौरे बाद में उपयुक्त समय पर राज्य सरकारों द्वारा आपस में तय किए जाएंगे ।

(ख) मध्य प्रदेश राज्य केवल उक्त खण्ड (V)(1)(ग)(क) में विनिर्दिष्ट भण्डार/भण्डारों में विद्युत् संघटन (पावर कम्पोनेन्ट) का खर्च उठा कर विद्युत् का उत्पादन कर सकता है और उसमें से महाराष्ट्र राज्य को विद्युत् का कोई आबंटन नहीं किया जाएगा । विद्युत् संघटक में बांध/भण्डार के लेखे में कोई खर्च सम्मिलित नहीं है ।

(ग) मध्य प्रदेश राज्य, राज्य के भीतर विद्युत् प्रणाली की शिखरन क्षमता (पीकिंग केपेबिलिटी) में सुधार करने के उद्देश्य से भविष्य में किसी समय ऐसे भण्डार/भण्डारों के जिनका उल्लेख ऊपर खण्ड (V)(1)(ग)(क) में किया गया है, नीचे एक कम ऊंचाई वाले बांध/पिक अप बंधिका या ऐसी अन्य संरचना का, जो आवश्यक हो, निर्माण अपने खर्च पर कर सकेगा ।

(घ) महाराष्ट्र राज्य उक्त खण्ड (V)(1)(ग)(क) में विनिर्दिष्ट भण्डार/भण्डारों द्वारा विनियमित 15 टी एम सी जल के उपयोग के लिए अपने राज्य क्षेत्र में अनुप्रवाह पिक अप बंधिका के निर्माण के लिए सहमत है । इस पिक अप बंधिका में मध्य प्रदेश राज्य के साथ परामर्श करके उच्चावचनी जल निकास (फ्लकचूऐटिंग रिलीजेज) के लिए व्यवस्था करने के उद्देश्य से पर्याप्त जलावरोधन (पाण्डेज) का प्रबन्ध होगा ।

महाराष्ट्र राज्य ने कानहन पर तेमुरडोह नामक स्थान पर एक पिक अप बंधिका की प्रस्थापना की है जिसके परिणामस्वरूप मध्य प्रदेश राज्य में निमज्जन होगा । इस निमज्जन के विस्तार के ब्यौरे अभी तक बताए नहीं गए हैं । मध्य प्रदेश राज्य इस प्रस्थापना पर उस समय विचार करने के लिए सहमत है जब निमज्जन के विवरण ज्ञात हो जाएंगे । परन्तु सत्य यह है कि ऐसा निमज्जन न्यूनतम रखा जाए और वह ऐसा हो जो मध्य प्रदेश राज्य को स्वीकार्य हो ।

भूमि, सम्पत्तियों और पुनर्वास आदि के लिए प्रतिकर का उपबन्ध ऐसे संकर्मों के लिए निर्धारित उन मानदण्डों के अनुसार, जो परियोजना के निर्माण के समय देश में बनाए जाते हैं, किया जाएगा और इसे महाराष्ट्र राज्य वहन करेगा ।

(ङ) मध्य प्रदेश राज्य अपने राज्य क्षेत्र के भीतर कानहन नदी और उसकी सहायक नदियों से तथा खण्ड (V)(1)(क) में विनिर्दिष्ट भण्डार/भण्डारों के अनुप्रवाह जल उठा सकता है । यह उपयोग उक्त खण्ड (V)(1)(ख) में विनिर्दिष्ट 14 टी एम सी जल के उपयोग के भीतर होगा और उक्त खण्ड (V)(1)(ग)(घ) में विनिर्दिष्ट 15 टी एम सी विनियमित जल के प्रवाह के लिए महाराष्ट्र राज्य के अधिकार पर इसका प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

(च) शेष वेनगंगा उप-घाटी

मध्य प्रदेश राज्य निम्नलिखित स्थानों तक वेनगंगा उपघाटी में समस्त जल का उपयोग कर सकेगा :—

(क) घुटि ग्राम के निकट वेनगंगा पर घुटि बंधिका ।

(ख) घुटि बंधिका के अनुप्रवाह मिलने वाली वेनगंगा की सहायक नदी पर निम्नलिखित परियोजना स्थल :—

(i) लमता ग्राम के निकट महाकारी नदी पर महाकारी बांध स्थल अक्षांश 22°-07'-55" उत्तर और रेखांश 80°-07'-45" पूर्व ।

(ii) नहारा बहुउद्देशीय परियोजना

(i) बरुरमोता ग्राम के निकट नहारा नदी पर नहारा बांध स्थल अक्षांश 20°-05'-30" उत्तर और रेखांश 80°-19'-36" पूर्व ।

(ii) खामी ग्राम के निकट नहारा पर विक्परिवर्ती स्थल अक्षांश 20°-04'-12" उत्तर और रेखांश 80°-13'-30" पूर्व ।

(3) सोन बहुउद्देशीय परियोजना

(i) बेगातोला ग्राम के निकट सोन नदी पर सोन बांध स्थल अक्षांश 21°-42'-30" उत्तर और रेखांश 80°-40'-0" पूर्व ।

(ii) सारा ग्राम के निकट सोन नदी पर विकल्परिवर्ती स्थल अक्षांश 21°-32'-15" उत्तर और रेखांश 80°-38'-0" पूर्व ।

(4) देव आम्मा बहुउद्देशीय परियोजना :

(i) सुकलपात ग्राम के निकट देव नदी के निकट देव बांध स्थल अक्षांश 21°-47'-30" उत्तर और रेखांश 80°-33'-0" पूर्व ।

(ii) बियली ग्राम के निकट आम्मा नदी पर आम्मा बांध स्थल अक्षांश 21°-52' - उत्तर और रेखांश 80°-30'-50" पूर्व ।

(iii) भगतपूर ग्राम के निकट देव नदी पर विकल्परिवर्ती स्थल अक्षांश 21°-45'-35" उत्तर और रेखांश 80°-29'-0" पूर्व ।

(5) करडी ग्राम के निकट पंग्रारीपाट नाला पर करडी टैंक अक्षांश 21°-25'-0" उत्तर और रेखांश 80°-35'-0" पूर्व ।

(6) बिफरी ग्राम के निकट सारथी नाला पर सारथी टैंक अक्षांश 21°-56'-0" उत्तर और रेखांश 79°-58'-50" पूर्व ।

(7) नहूलेसारा ग्राम के निकट चंदन नदी पर नहूलेसारा टैंक अक्षांश 21°-49'-30" उत्तर और रेखांश 79°-47'-30" पूर्व ।

(8) दैदबरा ग्राम के निकट कटंगा नाला पर दैदबरा टैंक अक्षांश 21°-41'-24" उत्तर और रेखांश 79°-53'-0" पूर्व ।

(छ) मध्य प्रदेश राज्य बांध नदी के जल का उपयोग पुजारी टोला पिकअप बंधिका तक और बावनथारी नदी के जल का उपयोग सिलेकासा बांध स्थल तक तथा पेंच नदी के जल का उपयोग टोटलाडोह बांध तक, इन स्थलों तक जल के उपयोग के लिए मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों के बीच पहले ही किए जा चुके करारों के अनुसार अथवा जैसा भविष्य में करार किया जाए उसके अनुसार कर सकेगा ।

(ज) उक्त खण्ड (V)(1)(च) और (V)(1)(छ) में विनिर्दिष्ट परियोजना स्थलों के अनुप्रवाह मध्य प्रदेश राज्य अपनी विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित परियोजनाओं/स्कीमों के लिए 59 टी एम सी अतिरिक्त जल का उपयोग कर सकेगा किन्तु उनमें से प्रत्येक परियोजना/स्कीम में प्रतिवर्ष 1.5 टी एम सी जल से अधिक जल का उपयोग नहीं किया जाएगा ।

(झ)(i) महाराष्ट्र राज्य ने सुझाव दिया है कि महाराष्ट्र राज्य के उपयोग के लिए जल को विनियमित करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश राज्य के क्षेत्र में कुछ जल भंडार बनाने की आवश्यकता है । इस परिस्थिति विशेष में विशेष मामले के रूप में मध्य प्रदेश राज्य उक्त खण्ड (V)(1)(च) में विनिर्दिष्ट परियोजना/परियोजनाओं में से ऐसी एक या अधिक परियोजना/परियोजनाओं में उपयुक्त अतिरिक्त जल भण्डार की व्यवस्था करने के लिए सहमत है जो मध्यप्रदेश द्वारा तय की जाए । यह जल भण्डार 15 अक्टूबर से 30 जून की अवधि के दौरान महाराष्ट्र राज्य में उपयोग के लिए 75 प्रतिशत निर्भरता के आधार पर 15 टी एम सी जल के विनियमन के लिए होंगे । उक्त विनियमन के लिए ऐसे अतिरिक्त जल भण्डार/भण्डारों या उनकी धारिता में वृद्धि का पूरा खर्च महाराष्ट्र राज्य देगा । महाराष्ट्र राज्य द्वारा वहन किए जाने वाले खर्च में भूमि और सम्पत्तियों तथा पुनर्वास आदि के लिए, परियोजना के निर्माण के समय देश में ऐसे संकर्म के लिए प्रचलित मानदण्डों के अनुसार प्रतिकर लेखे खर्च भी सम्मिलित होगा । 15 टी एम सी जल की यह मात्रा उस जल में से उपलब्ध कराई जाएगी जिसका उपयोग मध्य प्रदेश राज्य उक्त खण्ड (V)(1)(च) में विनिर्दिष्ट रूप में कर सकता है । इस विनियमन के लिए आवश्यक भण्डारों की व्यवस्था के ब्यौरे बाद में उपयुक्त समय पर दोनों राज्य सरकारों द्वारा आपस में तय किए जाएंगे ।

(ii) मध्य प्रदेश राज्य ऐसे भण्डार/भण्डारों में विद्युत का उत्पादन उक्त खण्ड (V)(1)(च) में विनिर्दिष्ट भण्डार/भण्डारों पर विद्युत संघटक के आवश्यक खर्च को उठा कर कर सकेगा । इसमें से महाराष्ट्र राज्य को विद्युत का कोई भी आवंटन नहीं किया जाएगा । विद्युत संघटक में बांध/भण्डार के लेखे कोई खर्च सम्मिलित नहीं है ।

(iii) मध्य प्रदेश राज्य, राज्य के भीतर विद्युत प्रणाली की शिखरन क्षमता में सुधार करने के उद्देश्य से कम ऊंचे बांध/पिक अप बंधिका या ऐसी अन्य संरचना की, जो खण्ड (V)(1)(च) में विनिर्दिष्ट परियोजना स्थलों के अनुप्रवाह आवश्यक हो, व्यवस्था अपने खर्च पर कर सकेगा ।

(iv) महाराष्ट्र राज्य उक्त खण्ड (V)(1)(च) में विनिर्दिष्ट 15 टी एम सी जल के अपने उपयोग के लिए अपने राज्य क्षेत्र में अनुप्रवाह पिक अप बंधिका के निर्माण करने के लिए सहमत है । इस पिक अप बंधिका में मध्य प्रदेश राज्य के साथ परामर्श करके उच्चावचनी जल निकास के लिए व्यवस्था करने के लिए उद्देश्य से पर्याप्त जलावरोधन का प्रबन्ध होगा ।

(2) महाराष्ट्र

(क) मध्य प्रदेश राज्य द्वारा, प्राणहिता उपबेसिन के जल के उपयोग के संबन्ध में ऊपर जो कहा गया है उसके अधीन रहते हुए महाराष्ट्र राज्य वेनगंगा नदी और/या उसकी सहायक नदियों के समस्त जल का उपयोग निम्नलिखित स्थानों पर कर सकता है :—

(i) गोसीखुर्द ग्राम के निकट वेनगंगा नदी पर गोसीखुर्द परियोजना स्थल अक्षांश 20°-51'-0" उत्तर और रेखांश 79°-37'-20" पूर्व ।

(ii) बोन्डे ग्राम के निकट चुलबन्ध नदी पर लोअर चुलबन्ध, बांध स्थल,

अक्षांश 20°-02'-0" उत्तर और रेखांश 79°-57'-0" पूर्व ।

(iii) गोथानगांव ग्राम के निकट गार्वी नदी पर इतियाडोह बांध ।

अक्षांश 20°-47'-45" उत्तर और रेखांश 80°-10'-05" पूर्व ।

(iv) पलासगढ़ ग्राम के निकट सती नदी पर सती परियोजना स्थल

अक्षांश 20°-38'-0" उत्तर और रेखांश 80°-17'-0" पूर्व ।

(v) तुलतुली ग्राम के निकट खोबरागड़ी नदी पर लोअर तुलतुली बांध स्थल ।

अक्षांश 20°-26'-0" उत्तर और रेखांश 80°-14'-0" पूर्व ।

(vi) राजोली ग्राम के निकट कथानी नदी पर लोअर कथानी बांध-स्थल ।

अक्षांश 20°-14'-30" उत्तर और रेखांश 80°-15'-30" पूर्व ।

(vii) नाकापल्ली ग्राम के निकट कारवप्पा नाला पर कारवप्पा परियोजना बांध स्थल ।

अक्षांश 20°-07'-40" उत्तर और रेखांश 80°-13'-40" पूर्व ।

(viii) बाकरी ग्राम के निकट पोहर नदी पर भीमकुंड बांध स्थल
अक्षांश 19°–55′–0″ उत्तर और रेखांश 79°–58′–30″ पूर्व।

(ix) रेगड़ी ग्राम के निकटदीना नदी पर दीना बांध स्थल
अक्षांश 19°–45′–0″ उत्तर और रेखांश 80°–07′–0″ पूर्व।

(x) पनोती ग्राम के निकट बूटी नाला पर बूटी नाला बांध स्थल
अक्षांश 20°–39′–0″ उत्तर और रेखांश 79°–48′–0″ पूर्व।

(xi) चांदगांव खुर्द ग्राम के निकट गर्दी नाला पर गर्दी परियोजना बांध स्थल।
अक्षांश 20°–35′–20″ उत्तर और रेखांश 79°–50′–0″ पूर्व

(xii) मेंडकी ग्राम के निकट निमघाट डोड्रा नाला पर निमघाट बांध स्थल।
अक्षांश 20°–28′–15″ उत्तर और रेखांश 79°–48′–50″ पूर्व।

(xiii) असोलामेंढा ग्राम के निकट पथरी नदी पर असोलामेढा बांध स्थल।
अक्षांश 20°–12′–15″ उत्तर और रेखांश 79°–50′–0″ पूर्व।

(xiv) घोराझारी ग्राम के निकट बोकारघो नाला पर घोराझारी बांध स्थल।
अक्षांश 20°–32′–0″ उत्तर और रेखांश 79°–38′–0″ पूर्व।

(xv) चिरखादा ग्राम के निकट हूमन नाला पर हूमन नाला बांध स्थल
अक्षांश 20°–14′–0″ उत्तर और रेखांश 79°–34′–35″ पूर्व।

(xvi) नालेश्वर ग्राम के निकट उपसा नाला पर नालेश्वर बांध स्थल
अक्षांश 20°–15′–0″ उत्तर और रेखांश 79°–35′–35″ पूर्व।

(xvii) पट्टामी ग्राम के निकट अंधारी नदी पर अंधारी बांध स्थल
अक्षांश 20°–06′–0″ और रेखांश 79°–28′–0″ पूर्व।

(ख) उक्त खण्ड ( )(2)(क)(i) से ()(2)(क) में विनिर्दिष्ट स्थानों तक वेनगंगा नदी और/या उसकी सहायक नदियों के समस्त जल के उपयोग के अतिरिक्त महाराष्ट्र राज्य प्राणहिता उपबेसिन के शेष जल में से 41 टी एम सी जल का उपयोग अपनी विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित स्कीमों/परियोजनाओं के लिए कर सकता है। किन्तु प्रत्येक परियोजना पर प्रति वर्ष 1.5 टी एम सी से अधिक जल का उपयोग नहीं किया जाएगा।

(3) (ग) आन्ध्र प्रदेश

(क) आन्ध्र प्रदेश राज्य प्राणहिता उपबेसिन के शेष जल का उपयोग कर सकता है।

(ख) इस बात पर भी सहमति हो गई है कि प्राणहिता जल विद्युत परियोजना व्यवहार्य नहीं है और इसलिए उसे समाप्त कर देना होगा। तथापि आन्ध्र प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य उपयुक्त स्थानों पर प्राणहिता नदी पर बराज बनाने के लिए सहमत हो गए है जिस से कि वे अपने क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा की व्यवस्था कर सकेंगे। इन बराजों से महाराष्ट्र जल की जितनी मात्रा का उपयोग करेगा उसके हिसाब उक्त खण्ड (v)(2)(ख) में विनिर्दिष्ट 41 टी एम सी जल में से किया जाएगा। ऐसे बराजों के लिए संयुक्त परियोजना/परियोजनाओं का कार्य महाराष्ट्र राज्य और आन्ध्र प्रदेश राज्य के लिए अलग-अलग करार हो जाने पर जो चाहे दोनों राज्यों के फायदे के लिए हों चाहे एक राज्य के फायदे के लिए हो, प्रारम्भ किया जाएगा।

(vi) जी–10 लोअर गोदावरी उपबेसिन :

(1) महाराष्ट्र

महाराष्ट्र राज्य लोअर गोदावरी उप बेसिन में 1 टी एम सी तक जल का उपयोग अपनी विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित स्कीमों/परियोजनाओं के लिए कर सकता है।

(2) मध्य प्रदेश

(क) मध्य प्रदेश राज्य निम्नलिखित स्थानों तक समस्त जल का उपयोग कर सकता है :

(क) मुकपारा (संकमपल्ली) परियोजना मालेपल्ली ग्राम के निकट तालपेरू नदी पर मुकपरा बांध स्थल
अक्षांश 18°–36′–43″ उत्तर और रेखांश 80°–56′–45″ पूर्व।

(ख) जूनागुडा ग्राम के निकट तुमलवागु पर तुमलवागु बांध स्थल
अक्षांश 18°–25′–33″ उत्तर और रेखांश 81°–03′–32″ पूर्व।

(ग) जोरानवागु एकीकृत परियोजना

(i) डरमा ग्राम के निकट जोरानवागु पर जोरानवागु बांध स्थल
अक्षांश 18°–27′–26″ उत्तर और रेखांश 81°–13′–36″ पूर्व।

(ii) कमारम ग्राम के निकट ढोंढीवागु पर ढोंढीवागु बांध स्थल।
अक्षांश 18°–24′–10″ उत्तर और रेखांश 81°–13′–20″ पूर्व।

(घ) मालावागु परियोजना
चितलनार ग्राम के निकट मालावागु पर मालावागु बांध स्थल
18°–21′–35″ उत्तर और रेखांश 81°–11′–48″ पूर्व।

(ङ) रासपल्ली परियोजना
रासपल्ली ग्राम के निकट चिरला नदी की सहायक नदी पर रासपल्ले बांध स्थल
अक्षांश 18°–12′–0″ उत्तर और रेखांश 80°–58′–38″ पूर्व।

(ख) उक्त खण्ड (VI) (2)(क) में विनिर्दिष्ट परियोजनाओं के अनुप्रवाह मध्य प्रदेश राज्य अपनी विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित स्कीमों/परियोजनाओं के लिए 9 टी एम सी अतिरिक्त जल का उपयोग कर सकता है किन्तु प्रत्येक स्कीम/परियोजना पर प्रतिवर्ष 1.5 टी एम सी से अधिक जल का उपयोग नहीं किया जाएगा।

(ग) मध्य प्रदेश राज्य केवल अपने नदी पाट के, आन्ध्र प्रदेश राज्य की तेलीपेरू परियोजना के कारण निमज्जन के लिए सहमत है। आन्ध्र प्रदेश राज्य अपने खर्च पर मध्य प्रदेश राज्य के साथ परामर्श करके ऐसे संरक्षी उपाय करने के लिए सहमत है जो उक्त परियोजना के कारण मध्य प्रदेश राज्य में अन्य क्षेत्रों के निमज्जन को रोकने के लिए आवश्यक होंगे। आन्ध्र प्रदेश राज्य इस बात के लिए सहमत है कि वह परियोजना रिपोर्ट के साथ मध्य प्रदेश राज्य में निमज्जन के विवरण भेजेगा। मध्य प्रदेश राज्य के क्षेत्र के निमज्जन और उसके जल पलावन को रोकने के उपायों के संबन्ध में आपस में करार हो जाने के पश्चात् परियोजना का निर्माण प्रारम्भ किया जाएगा।

(घ) (क) मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश राज्य एक संयुक्त उपक्रम के रूप में इन्द्रावतीपल्ली बहुउद्देशीय परियोजना को तीनों राज्यों द्वारा आपस में तय होने वाले एफ आर एल और एम डब्ल्यू एल सहित

प्रारम्भ करने के लिए सहमत हैं। परियोजना का सर्वेक्षण रेखांकन और निष्पादन और तत्पश्चात् उसका संचालन और अनुरक्षण त्रिपक्षीय अन्तर-राज्यिक नियंत्रण बोर्ड के निदेशों के अधीन किया जाएगा। यह बोर्ड तीनों संबन्धित राज्यों द्वारा इस प्रयोजन के लिए सम्यक् रूप से गठित किया जाएगा। आन्ध्र प्रदेश राज्य अपने उपयोग के लिए सीधे इन्चमपल्ली जलाशय से 85 टी एम सी से अधिक जल का विपरिवर्तन नहीं कर सकता है। इंचमपल्ली में जलाशय में होने वाली हानि का कोई भी भाग जल के उन अंशों में विकलनीय नहीं होगा जो इसमें ऊपर या इस करार के अधीन आगे महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों के लिए तय हुए हों या हों। शेष उपलब्ध जल का उपयोग इंचमपल्ली विद्युत घर में विद्युत उत्पादन के लिए किया जाएगा। दोनों सरकारों की तथा प्राइवेट व्यक्तियों की भूमि और सम्पत्तियों के अर्जन के लिए प्रतिकर का भार भण्डार के निर्माण पर डाला जाएगा। विस्थापित व्यक्तियों के पुनर्वास की व्यवस्था ऐसे मानदण्डों के अनुसार की जाएगी जो परियोजना के निर्माण के समय देश में प्रचलित ऐसे संकर्मों के लिए हों और उसका भार भण्डार के निर्माण पर डाला जाएगा।

(ख) इंचमपल्ली भण्डार की लागत का 78.10 प्रतिशत भाग आन्ध्र प्रदेश राज्य, 10.50 प्रतिशत भाग महाराष्ट्र राज्य और 11.40 प्रतिशत भाग मध्य प्रदेश राज्य देगा।

(ग) इंचमपल्ली में भण्डारण के खर्च को छोड़कर विद्युत उत्पादन तथा विद्युत संघटक की लागत मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश राज्य आपस में क्रमशः 38, 35, 27 प्रतिशत के अनुपात में बांट लेंगें। विद्युत उत्पादन के पश्चात् आन्ध्र प्रदेश राज्य उस जल का जो निकलेगा उपयोग किसी भी रीति में अपनी इच्छानुसार कर सकेगा।

(घ) मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश राज्य अपने राज्य क्षेत्र में उपयोग के लिए इंचमपल्ली जलाशय से जल उत्थापित कर के क्रमश 3 टी एम सी, 4 टी एम सी और 5 टी एम सी जल का उपयोग भण्डारण का कोई भी खर्च दिए बिना कर सकेगें। इस प्रकार उपयोग में लाए गए जल का हिसाब मध्य प्रदेश राज्य के लिए खण्ड (vi)(2)(ख) और (vii) (ग) के अधीन, महाराष्ट्र राज्य के लिए खण्ड (iii) (1)(ख), (iv) (2)(ii), (v) (2)(ख), (vi) (1) और (vii) (ङ) के अधीन व्यवस्था में से और आन्ध्र प्रदेश राज्य के लिए इस खण्ड में विनिर्दिष्ट 85 टी एम सी जल में से किया जाएगा।

(ङ) मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश राज्य अपने निमज्जित राज्य क्षेत्रों में मत्स्य पालन और नौका विहार सुविधाओं का विकास कर सकेंगे। उनके राज्य क्षेत्रों की सीमाओं तक निमज्जित भूमि पर प्रभुसत्ता सम्पन्न अधिकार संबन्धित राज्यों में निहित बना रहेगा।

(च) तीनों राज्य इस बात के लिए सहमत हैं कि इंचमपल्ली जलाशय के लिए जो एफ आर एल/एम डब्ल्यू एल तय पाया जाए वह केवल इस स्पष्ट शर्त पर होगा कि गोदावरी और उसकी सहायक नदियों के जल के उपयोग के लिए इसमें इसके पूर्व या इसमें आगे इस करार में एक दूसरे को दी गई सुविधाओं में कोई अन्तर कदापि नहीं किया जाएगा।

(छ) इंचमपल्ली जलाशय में नौपरिवहन की सुविधाएं मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश राज्यों को मुफ्त दी जाएंगी।

(ज) इंचमपल्ली परियोजना जल विद्युत संघटक के भाग रूप में जलाशय के नीचे एक पम्प किए हुए भण्डार की स्कीम चालू की जा सकती है। ऐसी स्कीम तीनों राज्यों में से किसी एक राज्य द्वारा या दो राज्यों द्वारा ही निर्मित की जा सकती है और अन्य राज्य बाद में उस स्कीम की लागत में अपना अंश का जो परस्पर तय पाया जाए संदाय करके उक्त स्कीम के फायदों में हिस्सा बंटा सकता है/सकते हैं।

(3) आन्ध्र प्रदेश

आन्ध्र प्रदेश राज्य लोअर गोदावरी उपबेसिन के शेष जल का उपयोग कर सकता है।

(vii) जी-ii इन्द्रावती उपबेसिन :

(क)(1) तारीख 19-12-1975 के उस अन्तराज्यिक करार के जिसमें उड़ीसा और मध्य प्रदेश राज्यों के बीच हुए तारीख 9-12-1975 के द्विपक्षीय करार की पुष्टि की गई है, उपबन्ध के तथा ऐसे किसी साम्यापूर्ण आवंटन के जो इन्द्रावती उपबेसिन में गोदावरी जल विवाद अधिकरण द्वारा उड़ीसा राज्य को किया जाए, अधीन रहते हुए मध्य प्रदेश राज्य इन्द्रावती नदी पर भोपालपटनम जल विद्युत परियोजना अक्षांश 19°–03′–45″ उत्तर और रेखांश 80°–19′–05″ पूर्व (मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों के बीच एक संयुक्त परियोजना) तक 273 टी एम सी जल का उपयोग अपनी विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित विभिन्न स्कीमों/परियोजनाओं के लिए कर सकता है। जल की इस मात्रा में भोपालपटनम/जल विद्युत परियोजना में मध्य प्रदेश राज्य की वाष्पन द्वारा हानि का अंश भी सम्मिलित है।

(2) आन्ध्र प्रदेश राज्य इस बात के लिए सहमत है कि महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्य इन्द्रावती नदी पर अपनी संयुक्त भोपालपटनम जल विद्युत परियोजना में किसी भी प्रक्रम पर पम्प किए गए भण्डार की स्कीम को लागू कर सकते हैं और वे इंचमपल्ली जलाशय का अनुप्रवाह दिशा में उपयोग कर के ऐसा कर सकते हैं। इंचमपली भण्डार की लागत इस लेखे भोपालपटनम जल विद्युत परियोजना के मद्दे विकलनीय नहीं होगी। तथापि उक्त पम्प किए गए भण्डार की स्कीम के लाभ के लिए इंचमपल्ली जलाशय में किसी भी समय कोई विनिर्दिष्ट जल स्तर बनाए रखने की कोई बाध्यता नहीं होगी।

(ख) उक्त खण्ड (vii)(क)(i) में जल के जिस उपयोग के लिए करार हुआ है उसके अतिरिक्त मध्य प्रदेश राज्य भोपालपटनम/जल विद्युत परियोजना स्थल के अनुप्रवाह इन्द्रावती में मिलने वाली सहायक नदियों पर निम्नलिखित परियोजना स्थलों तक समस्त जल का उपयोग कर सकता है :—

(i) पावरेल ग्राम के निकट चिंटावागु पर चिंटावागु परियोजना स्थल अक्षांश 18°–41′–25″ उत्तर और रेखांश 80°–40′–47″ पूर्व

(ii) चिल्लामार्का ग्राम के निकट जलालावागु पर जलालावागु परियोजना स्थल

अक्षांश 18°–46′–34″ उत्तर और रेखांश 80°–21′–34″ पूर्व।

(iii) चिंटावागु की सहायक नदी पर कोठापल्ली एकीकृत परियोजना

(क) कोठापल्ली परियोजना स्थल

अक्षांश 18°–40′–54″ उत्तर और रेखांश 80°–34′–54″ पूर्व।

(ख) मिनुर परियोजना स्थल

अक्षांश 18°–45′–24″ उत्तर और रेखांश 80°–28′–63″ पूर्व।

(ग) मध्य प्रदेश राज्य उक्त खण्ड (vii)(क)(i) और (vii)(ख) में विनिर्दिष्ट परियोजना स्थलों के अनुप्रवाह 19 टी एम सी अतिरिक्त जल का उपयोग अपनी विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित परियोजनाओं/स्कीमों के लिए कर सकता है किन्तु इनमें से प्रत्येक परियोजना पर प्रतिवर्ष 1.5 टी एम सी से अधिक जल का उपयोग नहीं किया जाएगा।

(घ) महाराष्ट्र राज्य भोपालपटनम–1 जल विद्युत परियोजना के ऊर्ध्व प्रवाह अपनी विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित परियोजना परियोजनाओं के लिए 34 टी एम सी जल का उपयोग कर सकता है । जल की इस मात्रा में भोपालपटनम-1 जल विद्युत परियोजना पर महाराष्ट्र की वाष्पन द्वारा हानि का अंश भी सम्मिलित है ।

(ङ) महाराष्ट्र राज्य भोपालपटनम-1 जल विद्युत परियोजना के अनुप्रवाह-7 टी एमसी अतिरिक्त जल का उपयोग अपनी विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित परियोजनाओं/स्कीमों के लिए कर सकता है किन्तु इनमें से प्रत्येक परियोजना पर प्रतिवर्ष 1.5 टी एम सी से अधिक जल का उपयोग नहीं किया जाएगा ।

(च) मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों द्वारा उक्त उपयोगों का प्रतिकूल प्रभाव कोटरी-निखरा जल विद्युत परियोजना, बंदिया जल विद्युत परियोजना और नागौर-II जल विद्युत परियोजना से संबन्धित करारों पर नहीं पड़ेगा । ये करार उक्त दोनों राज्यों के बीच हुए हैं और दोनों सरकारों ने उनका अनुसमर्थन भी कर दिया है ।

(छ) मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों के भोपालपटनम-1 जल विद्युत परियोजना स्थल के अनुप्रवाह इन्द्रावती उपबेसिन के शेष जल का उपयोग आन्ध्र प्रदेश राज्य कर सकता है ।

(ज) मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य करार करते हैं कि दोनों राज्यों की संयुक्त परियोजना भोपालपटनम-1 जल विद्युत परियोजना से विद्युत के उत्पावन के पश्चात् उसकी अन्तिम रूप से निश्चित की गई परिधि के अनुसार विनियमित निकासी इंचमपल्ली परियोजना के लिए नीचे की ओर उपयोग के लिए उपलब्ध होगी । इंचमपल्ली परियोजना मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश और महाराष्ट्र नामक तीन राज्यों की एक अन्य संयुक्त परियोजना है ।

(VIII) जी–12 साबरी उप-बेसिन :

(क) तारीख 19-12-1975 के उस अन्तरराज्यिक करार के जिसमें उड़ीसा और मध्य प्रदेश राज्यों के बीच हुए तारीख 9-12-1975 के द्वि-पक्षीय करार की पुष्टि की गई है, उपबन्ध के तथा ऐसे किसी सामान्य-पूर्ण आबंटन के जो साबरी उप बेसिन में गोदावरी जल विवाद अधिकरण द्वारा उड़ीसा को किया जाए, अधीन रहते हुए मध्य प्रदेश राज्य और आन्ध्र प्रदेश राज्यों के लिए आबंटन इसमें आगे तय पाए गए अनुसार होगा । इस स्थान के अनुप्रवाह जहां साबरी नदी उड़ीसा और मध्य प्रदेश राज्यों के बीच सामान्य सीमा बनाती है (अक्षांश 18°55′–04″ उत्तर और रेखांश 82°–14′–53″ पूर्व के निकट), मध्य प्रदेश राज्य साबरी नदी की सहायक नदियों पर निम्नलिखित परियोजना स्थलों तक समस्त जल का उपयोग कर सकता है:—

(क) बारु नदी एकीकृत परियोजना :

(1) टेंकावाडा ग्राम के निकट बारु नदी पर बारु नदी स्थल अक्षांश 18°–45′–33″ उत्तर और रेखांश 81°–48′–50″ पूर्व

(2) धोबावाडा ग्राम के निकट भीमसेन पर भीमसेन भण्डार स्थल । अक्षांश, 18°–45′–0″ उत्तर और रेखांश 81°–55′–46″ पूर्व

(3) कुवरीपाल ग्राम के निकट बारु नदी पर कुवरी पाल पिक अप बंधिका स्थल ।

अक्षांश 18°–40′–42″ उत्तर रेखांश 81°–51′–30″ पूर्व ।

(ख) जमेयर ग्राम के निकट मुपारी जमेर नदी पर मुपारी परियोजना स्थल.....

अक्षांश 18°–42′–30″ उत्तर और रेखांश 81°–45′–0″ पूर्व ।

(ग) गोराली नदी परियोजना :

(1) कांजीपानी ग्राम के निकट गोराली नदी पर गोराली बांध स्थल अक्षांश 18°-32′–50″ उत्तर और रेखांश 81°–40′–55″ पूर्व ।

(2) अन्दुमपाल ग्राम के निकट पुल नदी पर अन्दुमपाल बांध स्थल । अक्षांश 18°–34′–43″ उत्तर और रेखांश 81°–42′–04″ पूर्व

(घ) सैलेरवागु एकीकृत परियोजना

(1) मंकापाल ग्राम के निकट मालेन्गर नदी पर मंकापाल बांध स्थल ।

अक्षांश 18°–32′–06″ उत्तर और रेखांश 81°–29′–26″ पूर्व ।

(ii) पेला ग्राम के निकट सैलेरवागु पर सैलेरवागु बांध स्थल अक्षांश 18°-26′-12″ उत्तर और रेखांश 81°-31′-38″ पूर्व ।

(ङ) आर्डेलटांग एकीकृत परियोजना ।

(i) आर्डेलटांग ग्राम के निकट तिनारेयावागु की सहायक नदी पर आर्डेलटांग बांध स्थल

अक्षांश 18°-13′-24″ उत्तर और रेखांश 81°-24′-06″ पूर्व ।

(ii) कोरापाल ग्राम के निकट तिनारेयावागु पर तिनारेयावागु बांध स्थल

अक्षांश 18°-11′-0″ उत्तर और रेखांश 81-°18′-56″ पूर्व ।

(च) जनवागु एकीकृत परियोजना :

(i) गोरखा ग्राम के निकट जनवागु पर जनवागु बांध स्थल अक्षांश 17°-57′-24″ उत्तर और रेखांश 81°-20′-15″ पूर्व ।

(ii) जरपूत ग्राम के निकट इल्लेमादुगु वागु पर इल्लेमादुगु वागु बांध स्थल ।

अक्षांश 18°-03′-42″ उत्तर और रेखांश 81°-18′-09″ पूर्व ।

(ख) मध्य प्रदेश राज्य उक्त खण्ड (8)(क) में विनिर्दिष्ट परियोजना स्थलों के अनुप्रवाह 18 टी एम सी अतिरिक्त जल का उपयोग अपने विद्यमान, निर्माणाधीन और, प्रस्थापित स्कीमों के लिए कर सकता है । किन्तु इनमें से प्रत्येक पर प्रतिवर्ष 1.5 टी एम सी से अधिक जल का उपयोग नहीं किया जाएगा ।

(ग) मध्य प्रदेश राज्य की साबरी पर विद्युत परियोजनाओं की वाष्पन द्वारा हानियों की पूर्ति के लिए जल की मात्रा उक्त खण्ड (8)(क) और (ख) में विनिर्दिष्ट जल की मात्रा के अतिरिक्त होगी और जल की यह मात्रा 10 टी एम सी तक सीमित होगी तथा यदि कोई आधिक्य है तो उसका भार मध्य प्रदेश राज्य उक्त खण्ड (8)(क) और (ख) में विनिर्दिष्ट की जा चुकी मात्रा में से वहन करेगा ।

(घ) आन्ध्र प्रदेश राज्य उक्त खण्ड (8)(क) से (8)(ग) में विनिर्दिष्ट परियोजनाओं/स्कीमों के लिए मध्य प्रदेश राज्य द्वारा उपयोग के लिए उस आबंटन के जो गोदावरी जल विवाद अधिकरण द्वारा सावरी उपबेसिन में उड़ीसा राज्य को किया जाए, पश्चात् सावरी उपबेसिन के शेष जल का उपयोग विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित स्कीमों/परियोजनाओं के लिए कर सकता है ।

(ङ) मध्य प्रदेश राज्य, उड़ीसा राज्य की सहमति के अधीन रहते हुए, आन्ध्र प्रदेश राज्य को पोलावरम परियोजना के निर्माण के लिए करार करता है जिससे कि पश्च जल प्रभाव सहित सभी प्रभावों के कारण कोंटा में मध्य प्रदेश राज्य क्षेत्र में अधिकतम निमज्जन आर एल 150 फुट से अधिक न हो । पोलावरम परियोजना की डिजाइन केन्द्रीय जल आयोग के परामर्श से बाढ़ की अधिकतम सम्भाव्यता को ध्यान में रखते हुए तैयार की जाएगी जिससे कि वह ऊपर उल्लिखित निमज्जन की सीमा से अधिक न हो । सरकार की और प्राइवेट पक्षकारों दोनों की भी निमज्जित भूमियों और सम्पत्तियों के लिए परियोजना के निर्माण के समय देश में प्रचलित मानदण्डों के आधार पर प्रतिकर और पुनर्वास का खर्च परियोजना पर प्रभारित किया जाएगा । सुविधाओं/मुख्य सुविधाओं आदि सहित आदर्श ग्राम वस्तुतः निमज्जन के पूर्व परियोजना के खर्च पर निर्मित किए जाएंगे । भूमि पर प्रभुता संबंधित राज्यों में निहित बनी रहेगी । मध्य प्रदेश राज्य भण्डारण का कोई खर्च दिए बिना अपने राज्य क्षेत्र के भीतर अपने उपयोग के लिए पोलावरम झील से 1.5 टी एम सी जल ले सकेगा और उपयोग खण्ड (8) में राज्य के लिए तय पाए गए आबंटन में से होगा ।

(च) मध्य प्रदेश राज्य अपने वन या खनिज उत्पाद का परिवहन सभी नौ परिवहन सुविधाओं/लाक इत्यादि के माध्यम से कर सकता है । इनकी व्यवस्था आन्ध्र प्रदेश राज्य पोलावरम पर स्वयं अपने खर्च पर करेगा । ये सुविधाएं मध्य प्रदेश राज्य को पोलावरम परियोजना पर उन दरों पर उपलब्ध होंगी जो आन्ध्र प्रदेश राज्य को पोलावरम पर उनके अपने ब्यौरा को लागू हैं । मध्य प्रदेश राज्य अपने राज्य क्षेत्र में मत्स्य पालन और नौका विहार की सुविधाओं का विकास और उनका समुपयोग कर सकता है ।

(X) साधारण खण्ड :

(1)(क) ऊपर के पैराओं में प्रतिवर्ष 1.5 टी एम सी जल की जिस मात्रा का विनिर्दिष्ट रूप से उल्लेख किया गया है उससे अधिक जल का उपयोग करके परियोजनाओं के स्थलों की स्थिति को मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य नीचे वाले राज्य/राज्यों को सूचित करके परिवर्तित कर सकता है । यदि ऐसे किसी विनिर्दिष्ट स्थलों की दशा में जहां तक किसी राज्य को समस्त जल का उपयोग करने की अनुज्ञा दी गई है स्थान बदलने या परिवर्तन के परिणामस्वरूप उक्त खण्डों में उपवर्णित जल ग्रहण क्षेत्र का कम या अधिक अपरोधन होता है तो अन्य विनिर्दिष्ट स्थलों के जल ग्रहण क्षेत्र में तत्समान कमी/वृद्धि की जाएगी जिससे कि समस्त जल के अपरोधन के लिए प्रत्येक राज्य के लिए अनुज्ञात कुल जल ग्रहण क्षेत्र अधिक न हो जाए ।

(ख) यह भी करार किया जाता है कि खण्ड (3)(1)(ख), (5)(1)(ख) और (ज), (5)(2)(ख), (6)(2)(ख), (7)(ग), (7)(ङ), (8)(क) और (8)(ख) में विनिर्दिष्ट परियोजनाओं के बारे में तथा यदि प्रत्येक परियोजना के लिए जल के उपयोग में उपान्त वृद्धि 1.5 टी एम सी से अधिक किन्तु 2 टी एम सी सी से अनधिक है तो, ऐसी वृद्धि संबंधित राज्य और निचले नदी तटीय राज्य/राज्यों के बीच परस्पर परामर्श द्वारा अनुज्ञात की जा सकेगी । किन्तु यह तब होगा जब कि संबंधित राज्य द्वारा उक्त खण्डों में से प्रत्येक में यथा विनिर्दिष्ट कुल उपयोग से अधिक उपयोग न किया जाए ।

(2) उक्त करार में जहां कहीं जल की विनिर्दिष्ट मात्राएं उस रूप में उल्लिखित हैं जिनका उपयोग किसी राज्य द्वारा किया जा सकता है, यह करार किया जाता है कि उपयोग की माप निम्नलिखित रीति से की जाएगी :—

उपयोग		माप
1	2	3
(i)	सिंचाई के लिए उपयोग	नदी या किसी सहायक नदी अथवा किसी जलाशय, भण्डार या नहर से मोड़े गए या उत्थापित जल की शत प्रतिशत मात्रा और इन भण्डारों में वाष्पन द्वारा हानि का शत प्रतिशत भाग ।
(ii)	विद्युत के लिए उपयोग	भण्डार में वाष्पन द्वारा हानियों का शत प्रतिशत भाग ।
(iii)	बेसिन के भीतर घरेलू और नगरपालिक जल प्रदाय ।	नदी या उसकी किसी सहायक नदी अथवा किसी जलाशय, जल भण्डार या नहर से मोड़े गए या उत्थापित जल की मात्रा का 20 प्रतिशत भाग ।
(iv)	बेसिन के भीतर औद्योगिक उपयोग	नदी या उसकी किसी सहायक नदी अथवा किसी जलाशय, जल भण्डार या नहर से मोड़े गए या उत्थापित जल की मात्रा का 2.5 प्रतिशत भाग ।
(v)	बेसिन के बाहर सभी प्रकार के उपयोग	नदी या उसकी किसी सहायक नदी अथवा किसी जलाशय, जल भण्डार या नहर से मोड़े गए या उत्थापित जल की मात्रा का शत प्रतिशत भाग ।

(3) यह करार किया जाता है कि उक्त करार में प्रत्येक राज्य को अनुज्ञात जल का उपयोग करने में कोई भी राज्य उन परियोजनाओं को छोड़ कर जिनके लिए स्पष्ट रूप से करार हो चुका है, ऐसी कोई परियोजनाएं निर्मित नहीं करेगा जिनसे अन्य राज्य/राज्यों का राज्य क्षेत्र जल निमग्न हो जाए किन्तु ऐसे जल निमज्जन के लिए उस राज्य की पूर्वसम्मति से वह ऐसा कर सकेगा ।

(4) यह करार किया जाता है कि सभी राज्य गोदावरी बेसिन में अपने अपने राज्य क्षेत्रों के भीतर भूगत जल का उपयोग कर सकता है और ऐसे उपयोग की गणना गोदावरी नदी के जल के उपयोग के रूप में नहीं की जाएगी ।

(5) करार में निर्दिष्ट उप बेसिन, गोदावरी बेसिन के उपबेसिनों में किए गए उस विभाजन के अनुसार हैं जो कृष्णा गोदावरी आयोग की रिपोर्ट के अध्याय iii पैरा 4.27 में पृष्ठ 28 में किया गया है ।

(6) उपयोग के अन्तर्गत किसी राज्य द्वारा गोदावरी नदी और उसकी सहायक नदियों के जल का ऐसा उपयोग भी सम्मिलित, जो उसने घरेलू, नगरपालिक, सिंचाई, औद्योगिक, विद्युत उत्पादन नौपरिवहन

मत्स्य पालन, वन्य प्राणी संरक्षण, मनोरंजन के प्रयोजनों के लिए किया है और इसके अन्तर्गत उक्त प्रयोजनों के लिए सृजित जल भण्डारों से वाष्पन द्वारा हानि भी है ।

(7) उक्त खण्डों में वर्णित सभी स्तर जी टी एस स्तरों के हवाले से दिए गए है ।

(8) यह करार महाराष्ट्र मध्य प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश की राज्य सरकारों द्वारा अनुसमर्थन के अधीन रहते हुए किया गया है ।

तारीख : 7 अगस्त 1980

ह०/-
(वी० आर० ड्युसकर)
सचिव, सिंचाई विभाग,
महाराष्ट्र सरकार

ह०/-
(आर० के० टिक्कू)
सचिव, सिंचाई और विद्युत विभाग,
मध्य प्रदेश सरकार

ह०/-
(एम० गोपाला कृष्णन)
सचिव, सिंचाई और विद्युत विभाग,
आन्ध्र प्रदेश सरकार

उपाबन्ध "ग"

उपाबन्ध 1—गोदावरी

कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश के मुख्य मंत्रियों के बीच बंगलौर में तारीख 4 अगस्त, 1978 की हुई बैठक में हुए विचार विमर्श का संक्षिप्त अभिलेख ।

इसमें निम्नलिखित उपस्थित थे :—

कर्नाटक	आन्ध्र प्रदेश
1. श्री डी० देवराज अर्स, मुख्य मंत्री	1. डा० एम० चेन्नारेड्डी, मुख्य मंत्री
2. श्री एन० नरसिंह राव, मुख्य सचिव	2. श्री जी० वी० सुधाकर राव, सिंचाई मंत्री
3. श्री जे० सी० लाइन, मुख्य मंत्री के सचिव	3. श्री एम० गोपालकृष्णन, सचिव, सिंचाई और विद्युत
4. श्री बी० सी० अंगादी, विशेष सचिव, लोक निर्माण और विद्युत विभाग (सिंचाई)	4. श्री बी० गोपालकृष्णन मुर्ति, सलाहकार, सिंचाई और विद्युत
5. श्री एस० आर० एस० शास्त्री, मुख्य इंजीनियर, डब्ल्यू०आर०डी०ओ०	5. श्री के० आर० चूड़ामणी, सलाहकार, सिंचाई और विद्युत
6. श्री बी० सुब्रह्मण्यन, मुख्य इंजीनियर, बंगलौर जल प्रदाय और मलवहन बोर्ड ।	6. श्री एम० सत्यानारायण सिंह, विशेष अधिकारी, जल साधन, ।

विचार-विमर्श के पश्चात् निम्नलिखित बातें तय हुई :—

आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक इस बात के लिए करार करते हैं कि कर्नाटक मंजरा उप-बेसिन में प्रस्तावित सिंगूर परियोजना के ऊपर विद्यमान उपयोग और करंजा और चलकीनाला परियोजनाओं के लिए तारीख 19-12-1975 के करार के साथ पठित तारीख 17-9-1975 के करार के अनुसार उपयोग के अतिरिक्त मंजरा नदी से लिफ्ट सिंचाई के लिए 1 टी एम सी और जल का उपयोग करेगा ।

2. मंजरा पर जल की इस मात्रा या ऐसी किसी अन्य अतिरिक्त मात्रा का जो बाद में तय पाई जाए उपयोग करने के उद्देश्य से कर्नाटक ऐसे जलावरोध बना सकेगा जो आवश्यक हों और जो आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक के बीच तय पाए जाएं । ये जलावरोध इस प्रयोजन के लिए उपलब्ध होने वाली जल की उस अतिरिक्त मात्रा के जो तय पाई जाए या 1 टी एम सी जल के उपयोग के लिए होंगे ।

3. आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक करार करते हैं कि कर्नाटक निजाम सागर परियोजना के नीचे जल ग्रहण क्षेत्र में अपने राज्य क्षेत्र में मंजरा उपबेसिन में 2.5 टी एम सी जल का उपयोग कर सकेगा ।

4. आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक करार करते हैं कि आन्ध्र प्रदेश उसके द्वारा प्रस्तावित सिंगूर परियोजना के निर्माण का कार्य प्रारम्भ कर सकता है और इसकी एम एस एल के ऊपर 523.6 मीटर (1717.41 फीट) के एफ आर एल/एम डब्ल्यू एल सहित कुल भण्डारण की 30 टी एम सी अधिकतम क्षमता होगी ।

5. कर्नाटक ऐसी भूमि या संरचना को जो सिंगूर परियोजना के अधीन जल निमग्न और/या प्रभावित हो अर्जित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करेगा और आन्ध्र प्रदेश अर्जन का खर्च, विस्थापित परिवारों के पुनर्वास का खर्च और ऐसे पुलों और सड़कों का जो आवश्यक हो जाएं निर्माण का खर्च देने का करार करता है । ऐसा अर्जन और पुनर्वास, अर्जन और पुनर्वास के समय कर्नाटक में प्रचलित मानदण्डों के अनुसार होगा । कर्नाटक नदी पाट और उसकी सरिता पाटों के निमज्जन के लिए भी सहमत है ।

6. यदि आन्ध्र प्रदेश सिंगूर परियोजना में जल विद्युत का विकास करता है तो कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश ऐसी विद्युत के खर्च और फायदों का तय पाए गए अनुपात में अंश भाजन करने का करार करते हैं ।

7. (क) एफ आर एल/एम डब्ल्यू एल घन 150 फीट के लिए केन्द्रीय जल आयोग द्वारा पोलावरम परियोजना के अनुमोदन के अधीन रहते हुए आन्ध्र प्रदेश राज्य करार करता है कि पोलावरम परियोजना से गोदावरी के जल की 75 प्रतिशत निर्भरता पर 80 टी एम सी जल को कृष्णा नदी में इस प्रकार मोड़ा जाए जिससे कि विजयवाड़ा अनिकर के ऊपर कृष्णा डेल्टा के लिए नागार्जुन सागर परियोजना से जल निकास का विस्थापन हो जाए और इस प्रकार उक्त 80 टी एम सी जल का उपयोग नागार्जुन सागर के ऊर्ध्व प्रवाह वाली परियोजनाओं के लिए किया जा सके ।

(ख) आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक राज्य करार करते हैं कि उक्त 80 टी एम सी जल की मात्रा में अंश भाजन इस अनुपात में होगा अर्थात् आन्ध्र प्रदेश 45 टी एम सी, कर्नाटक और महाराष्ट्र दोनों मिला कर 35 टी एम सी ।

(ग) आन्ध्र प्रदेश करार करता है कि वह पांच पक्षकार राज्यों के बीच गोदावरी जल के विषय में व्यापक करार हो जाने के तीन मास के भीतर केन्द्रीय जल आयोग को पोलावरम परियोजना रिपोर्ट भेजेगा ।

(घ) आन्ध्र प्रदेश अपवर्तन का पूरा खर्च देने का करार करता है ।

(ङ) महाराष्ट्र और कर्नाटक उक्त उपपैरा 7(ख) में वर्णित 35 टी एम सी जल के अपने अंश का उपयोग केन्द्रीय जल आयोग द्वारा पोलावरम परियोजना के अनुमोदन की तारीख से घन 150 फीट कि एफ आर एल/एम डब्ल्यु एल सहित कर सकेंगे चाहे वास्तविक अपवर्तन हुआ हो ।

(च) यह भी करार किया जाता है कि उक्त खण्ड (क) में यथा वर्णित 75 प्रतिशत निर्भरता पर होने वाला अपवर्तन प्रस्तावित पोलावरम परियोजना से कृष्णा नदी में गोदावरी के जल के अपवर्तन के कारण 80 टी एम सी की मात्रा से अधिक हो जाता है जिससे नागार्जुन सागर परियोजना से जल निकास और घट जाता है तो ऐसी आधिक्य मात्रा तीनों राज्यों के बीच उसी अनुपात में बांट ली जाएगी जिसका उल्लेख उक्त खण्ड (ख) में किया गया है ।

मि० एस० चौधरी,	मि० पी० रामचन्द्र रेड्डी
कर्नाटक राज्य के काउंसेल	आन्ध्र प्रदेश राज्य के महाधिवक्ता

उपाबन्ध 2—कृष्णा

कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश के मुख्य मंत्रियों के बीच बंगलौर में 4 अगस्त, 1978 को हुई बैठक का संक्षिप्त अभिलेख

इसमें निम्नलिखित उपस्थित थे :—

कर्नाटक	आन्ध्र प्रदेश
1. श्री देवराज अर्स, मुख्य मंत्री	1. डा० एम० चेन्ना रेड्डी, मुख्य मंत्री
2. श्री एन० नरसिंह राव, मुख्य सचिव	2. श्री जी० वी० सुधाकर राव, सिंचाई मंत्री
3. श्री जे० सी० लाइन, मुख्यमंत्री के सचिव	3. श्री एम० गोपालकृष्णन, सचिव, सिंचाई तथा विद्युत
4. श्री बी० सी० अंगादी, विशेष सचिव लोक निर्माण और विद्युत विभाग (सिंचाई)	4. श्री जी० गोपालकृष्णामूर्ति, सलाहकार, सिंचाई और विद्युत
5. श्री एस० आर० एस० शास्त्री, मुख्य इंजीनियर, डब्ल्यू० आर० डी० ओ०	5. श्री के० आर० चूड़ामणी, सलाहकार, सिंचाई और विद्युत
6. श्री बी० सुब्रह्मण्यम, मुख्य इंजीनियर बंगलौर जल प्रदाय और मलवहन बोर्ड ।	6. श्री एम० सत्यनारायण सिंह, विशेष अधिकारी, जल साधन

विचार-विमर्श के पश्चात् निम्नलिखित बातों पर सहमति हुई :—

कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश करार करते हैं कि आन्ध्र प्रदेश कृष्णा बेसिन में एम एस एल के ऊपर घन 1045 फीट के एफ आर एल/एम डब्ल्यु एल के साथ प्रस्तावित जूराला परियोजना का कार्य आरम्भ करेगा ।

2. कर्नाटक ऐसी भूमि या संरचनाओं को जो जूराला परियोजना के अधीन जलमग्न हो जाए और/या प्रभावित हो, अर्जित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगा और आन्ध्र प्रदेश अर्जन का खर्च, विस्थापित परिवारों के पुनर्वास का खर्च और पुल तथा सड़कों के निर्माण का खर्च और मंदिरों के और अन्य धार्मिक स्थानों के संरक्षण या हटाए जाने का खर्च जो कर्नाटक द्वारा किए गए विनिश्चय के अनुसार आवश्यक हो जाए, उठाने के लिए सहमत है । ऐसा अर्जन और पुनर्वास उस अर्जन/पुनर्वास के समय कर्नाटक में प्रचलित मानदण्डों के अनुसार होगा । कर्नाटक नदी पाट और सरिता पाटों के निमज्जन के लिए भी सहमत है ।

3. कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश यह करार भी करते हैं कि यदि आन्ध्र प्रदेश इस परियोजना से विद्युत का उत्पादन करता है तो जल विद्युत का खर्च और उसके फायदे दोनों राज्यों के बीच बराबर बराबर बांट लिए जाएंगे । इस प्रश्न पर विचार-विमर्श नहीं हुआ कि जल विद्युत का खर्च क्या होगा । यह अलग से तय किया जाएगा ।

मि० एस० चौधरी,	मि० पी० रामचन्द्र रेड्डी
कर्नाटक राज्य के काउंसेल	आन्ध्र प्रदेश राज्य के महाधिवक्ता

उपाबन्ध "घ"

गोदावरी

आन्ध्र प्रदेश और उड़ीसा के मुख्य मंत्रियों के बीच हैदराबाद में 15 दिसम्बर, 1978 को हुई बैठक का कार्य वृत्त ।

इसमें निम्नलिखित उपस्थित थे :—

आन्ध्र प्रदेश	उड़ीसा
1. डा० एम० चेन्ना रेड्डी, मुख्य मंत्री	1. श्री नीलमणी राउतराय, मुख्य मंत्री ।
2. श्री जी० राजाराम, वित्त और विद्युत मंत्री	2. श्री प्रताप चंद्र मोहन्ती, राजस्व और विद्युत मंत्री
3. श्री जी० वी० सुधाकर राव बड़ी सिंचाई और वाणिज्यिक कर मंत्री	3. श्री प्रहलाद मलिक, सिंचाई मंत्री
4. श्री आई जे० नायडू, आई ए एस, मुख्य सचिव	4. श्री बी० एम० पटनायक, महाधिवक्ता
5. श्री एस० आर० रामामूर्ति, आई ए एस, मुख्य मंत्री के सचिव	5. श्री बी० रामादोराय, आई ए एस सचिव, सिंचाई और विद्युत
6. श्री पी० राम चन्द्र रेड्डी, महाधिवक्ता	6. श्री ए० के० बिसवाल, मुख्य मंत्री के सचिव
7. श्री सी०एन० शास्त्री,आई०ए०एस० सचिव, सिंचाई और विद्युत	7. श्री एस० सी० त्रिपाठी, मुख्य इंजीनियर, सिंचाई

आन्ध्र प्रदेश	उड़ीसा
8. श्री एम गोपालकृष्णन,आई०ए०एस० सचिव, प्रायमरी और माध्यमिक शिक्षा ।	8. श्री बी० मिश्रा, मुख्य इंजीनियर, विद्युत
9. डा० एन० टाटा राव, अध्यक्ष ए० पी० एस० ई० बी०	9. श्री एम० एम० नाथ, कार्यपालक इंजीनियर, सिंचाई
10. श्री सत्यनारायण सिंह, विशेष अधिकारी, जल साधन,	
11. श्री डी० वी० शास्त्री, अधिवक्ता	

पूरे विचार विमर्श के पश्चात् निम्नलिखित करार किया गया :

I. **जी-11 इन्द्रावती उप-बेसिन :**

उड़ीसा राज्य तारीख 19-12-1975 के अन्तरराज्यिक करार, जिसके द्वारा उड़ीसा और मध्य प्रदेश राज्यों के बीच हुए तारीख 9-12-1975 के द्विपक्षीय करार की पुष्टि की गई थी, के अनुसार जी-11 इन्द्रावती उप बेसिन में जल के अपने भाग का उपयोग कर सकता है ।

II. **जी-12 सबरी उप-बेसिन**

(क) उड़ीसा राज्य सबरी (कोलाब) नदी के समस्त जल का उपयोग उस बिन्दु तक (लगभग अक्षांश 18°-55-04" उत्तर और रेखांश 82°-14'-53" पूर्व के निकट) कर सकेगा जहां सबरी नदी उड़ीसा राज्य और मध्य प्रदेश राज्य के बीच मिली जुली सीमा बनाती है । यह उपयोग तारीख 9-12-1975 के अन्तरराज्यिक करार के खण्ड V के अनुसार होगा ।

(ख) उड़ीसा और आन्ध्र प्रदेश राज्य सबरी (कोलाब) नदी की सहायक नदियों तथा उप सहायक नदियों पर निम्नलिखित परियोजनाओं स्थलों तक उड़ीसा राज्य द्वारा समस्त जल के उपयोग के लिए करार करते हैं :—

(i) निम्नलिखित पर गोविन्दापाले परियोजना :—

(क) लिंगीयापुट ग्राम के निकट धर्मगेडा नाला
अक्षांश 18°-36'-07" उत्तर और रेखांश 82°-16'-11" पूर्व ।

(ख) गोविन्दापल्ली ग्राम के निकट जमनदी स्थल
अक्षांश 18°-36'-13" उत्तर और रेखांश 82°-16'-48" पूर्व ।

(ग) डेंगगुडा ग्राम के निकट गरिया नदी स्थल
अक्षांश 18°-34'-03" उत्तर और रेखांश 82°-17'-18" पूर्व ।

(ii) पोटेरुवागु की सहायक नदी पर गनिगुडा परियोजना स्थल
अक्षांश 18°-18'-57" उत्तर और रेखांश 81°-56'-24" पूर्व ।

(iii) प्रमलपल्ली ग्राम के निकट सबरी की सहायक नदी पर प्रमलपल्ली परियोजना स्थल :

अक्षांश 18°-16'-44" उत्तर और रेखांश 81°-36'-44" पूर्व

(iv) सुरलीकुन्टा ग्राम के निकट पोटेरुवागु पर पोटेरु परियोजना स्थल

अक्षांश 18°-12'-30" उत्तर और रेखांश 82°-01'-30" पूर्व ।

(ग) उड़ीसा राज्य उक्त खण्ड 2(क) और 2(ख) में यथाविनिर्दिष्ट उपयोगों के अतिरिक्त अपनी विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित परियोजना स्कीमों के लिए 40 टी एम सी जल का उपयोग कर सकता है । किन्तु प्रतिवर्ष 1.5 टी एम सी से अधिक जल का उपयोग नहीं किया जाएगा ।

(घ) उस बिन्दु के, जहां पर सबरी नदी उड़ीसा और मध्य प्रदेश राज्यों के बीच मिली जुली सीमा बनाती है, (लगभग अक्षांश 18°-55'-04" उत्तर और रेखांश 82°-14'-53" पूर्व के निकट) के अनुप्रवाह और उस स्थान तक जहां सिलेरु और सबरी का संगम होता है (उड़ीसा राज्य मुख्य नदी से प्रत्याहरण द्वारा अपनी विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित स्कीमों/परियोजनाओं के लिए सिंचाई के हेतु अधिक से अधिक 27 टी एम सी जल का उपयोग कर सकता है ।

(ङ) खण्ड 2(घ) के अधीन परियोजना की वाष्पन द्वारा हानि की पूर्ति के लिए और मध्य प्रदेश तथा उड़ीसा राज्यों द्वारा उन दोनों राज्यों के बीच हुए तारीख 9-12-1975 के द्विपक्षीय करार के खण्ड V के अनुसार, सबरी पर विद्युत परियोजनाओं की वाष्पन द्वारा हानियों की पूर्ति के लिए जल की मात्रा उक्त खण्ड (क, ख, ग और घ में विनिर्दिष्ट मात्रा के अतिरिक्त होगी और उसे उक्त दोनों राज्य उस अनुपात में आपस में बांट लेंगे जो वे तय करें । तथापि ऊपर उल्लिखित वाष्पन द्वारा हानियों में 10 टी एम सी के आधिक्य में उड़ीसा के अंश की पूर्ति उक्त खण्ड 2 क, ख, ग और घ में विनिर्दिष्ट उसकी मात्रा में से की जाएगी ।

(च) उड़ीसा और आन्ध्र प्रदेश राज्य सिलेरु नदी के जल का उपयोग निम्नलिखित के अनुसार करेंगे :

(क) मचकुन्द नदी पर डुडमा प्रपात नामक स्थान पर जल विद्युत शक्ति के विकास के संबंध में मद्रास और उड़ीसा की सरकारों के बीच 1916 का करार ।

(ख) सिलेरु नदी के जल के उपयोग के संबंध में उड़ीसा और आन्ध्र प्रदेश की सरकारों के बीच तारीख 4 सितम्बर, 1962 का अन्तिम करार ।

(ग) अन्य कोई पश्चात्वर्ती करार जो उड़ीसा और आन्ध्र प्रदेश राज्यों के बीच भविष्य में परस्पर किया जाए या किए जाएं ।

(घ) उड़ीसा और आन्ध्र प्रदेश राज्य अपनी विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित स्कीमों/परियोजनाओं के लिए मचकुन्द परियोजना के ऊर्ध्व प्रवाह जितने जल का फायदे के लिए उपयोग करेगा वह तब मचकुन्द में उनके अपने अपने अंशों पर प्रभारित किया जाएगा और मचकुन्द तथा डुडमा जल प्रपातों पर विद्युत में उनके अपने अपने अंश तदनुसार कम हो जाएंगे । उक्त स्कीमों/परियोजनाओं के अधीन प्रत्येक राज्य कुल 2 टी एम सी से अधिक जल का उपयोग नहीं करेगा । इसी प्रकार प्रत्येक राज्य द्वारा मचकुन्द परियोजना के अनुप्रवाह और बाली मेला बांध की ऊर्ध्व प्रवाह अपनी स्कीमों/परियोजनाओं के लिए जितने जल का उपयोग करेगा और जो 2 टी एम सी से अधिक नहीं होगा वह बाली मेला बांध परियोजना पर उनके अपने अपने अंशों पर प्रभारित किया जाएगा और मचकुन्द परियोजना

के ऊपर तथा मचकुन्द और बालीमेला परियोजना के अंतर्गत उपयोग में लाए गए जल की कुल मात्रा से उनके अपने अपने अंश कम हो जाएंगे। ऐसे सभी उपयोग की सूचना दूसरी सरकार को दी जानी चाहिए।

(ङ) विगत करारों के अधीन अधिरोपित किसी निर्बन्धन के होते हुए भी उड़ीसा राज्य को अपनी विद्यमान, निर्माणाधीन और भावी परियोजनाओं के लिए बालीमेला बांध के अनुप्रवाह फायदाप्रद उपयोग के लिए 2 टी एम सी से अनधिक सिलेरु नदी के जल का उपयोग बालीमेला बांध परियोजना के अनुप्रवाह पड़ने वाले जल ग्रहण क्षेत्र के जल में से करने की अनुज्ञा होगी। यह मात्रा उक्त खण्ड II (ग) में यथाविनिर्दिष्ट 40 टी एम सी में से होगी।

(छ) उड़ीसा राज्य आन्ध्र प्रदेश राज्य द्वारा एफ आर एल +235 फीट और एम डब्ल्यू एल +262 फीट सहित निचली सिलेरु सिंचाई स्कीम के निर्माण के लिए सहमत हो गया है। इस स्कीम के परिणामस्वरूप उड़ीसा राज्य में कुछ निमज्जन होगा। आन्ध्र प्रदेश राज्य सरकार की तथा प्राइवेट पक्षकारों की भूमि और सम्पत्तियों के जल निमग्न होने के लिए प्रतिकर का, जो तय पाया जाए, खर्च देगा। विस्थापित व्यक्तियों के पुनर्वास की व्यवस्था परियोजना के निर्माण के समय उड़ीसा राज्य में प्रचलित मानदण्डों के अनुसार की जाएगी।

(ज) आन्ध्र प्रदेश राज्य तारीख 7-8-1978 के करार के अधीन रहते हुए उक्त खण्ड "च" के अनुसार सिलेरु नदी को छोड़कर सावरी उपबेसिन में उक्त खण्ड (I) और II क से ङ तक में यथाविनिर्दिष्ट परियोजनाओं/स्कीमों के लिए उड़ीसा राज्य द्वारा उपयोग के पश्चात् शेष बचने वाले जल का उपयोग अपनी विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित स्कीमों और परियोजनाओं के लिए कर सकेगा।

(झ) उड़ीसा और आन्ध्र प्रदेश राज्य आन्ध्र प्रदेश राज्य की पोलावरम परियोजना के निर्माण के लिए करार करते हैं जिससे कि मोटू/कोंटा में उड़ीसा राज्य के क्षेत्र में अधिकतम निमज्जन पश्च जल प्रभाव सहित सभी प्रभावों के कारण आर एल +150 फीट से अधिक न हो। पोलावरम परियोजना की डिजाइन केन्द्रीय जल आयोग के परामर्श से अधिकतम सम्भाव्य बाढ़ के लिए इस प्रकार तैयार की जाएगी जिससे कि ऊपर बताए गए निमज्जन की सीमा से अधिक निमज्जन न हो। सरकार की और प्राइवेट पक्षकारों की निमग्न भूमियों और सम्पत्तियों के लिए प्रतिकर और पुनर्वास का खर्च परियोजनाओं के निर्माण के समय उड़ीसा राज्य में प्रचलित मानदण्डों के आधार पर परियोजना पर प्रभारित किया जाएगा। इससे पूर्व कि वास्तविक निमज्जन हो, सुविधाओं/सुख सुविधाओं आदि सहित आदर्श ग्राम परियोजना के खर्च पर बनाए जाएंगे।

भूमि पर प्रभुता सम्बन्धित राज्यों में निहित बनी रहेगी। उड़ीसा राज्य अपने राज्य-क्षेत्र में उपयोग के लिए, भण्डारण का कोई खर्च दिए बिना पोलावरम झील से 5 टी एम सी जल उत्थापित (लिफ्ट) कर सकेगा और यह उपयोग उक्त खण्ड 2 में यथा-विनिर्दिष्ट उस राज्य के लिए किए गए आबंटन के प्रति गिना जाएगा। उड़ीसा राज्य अपने वन या खनिज उत्पाद का परिवहन उन सभी नौ परिवहन सुविधाओं/लॉक आदि के माध्यम से कर सकेगा जिनकी व्यवस्था आन्ध्र प्रदेश राज्य पोलावरम में अपने खर्च पर करेगा। ये सुविधाएं उड़ीसा राज्य को पोलावरम परियोजना पर उन दरों से प्राप्त होंगी जो आन्ध्र प्रदेश राज्य को पोलावरम परियोजना पर स्थानीय अपने स्थानों के लिए लागू हों। उड़ीसा राज्य अपने राज्य-क्षेत्र में मत्स्य पालन और नौकानयन सुविधाओं का विकास और सम्प्रयोग कर सकेगा। दो राज्य पोलावरम भण्डारण के लिए आर एल +150 फीट के स्तर के लिए सहमत हैं जैसा कि ऊपर परिनिश्चित किया गया है किन्तु वे इन स्पष्ट शर्तों पर इसके लिए सहमत हैं कि इस करार में इसमें इसके पूर्व या इसके पश्चात् एक दूसरे को गोदावरी और उसकी सहायक नदियों के जल के उपयोग के लिए जो उपबन्ध सुविधाएं और स्वतंत्रताएं दी गई हैं उनमें कोई भी परिवर्तन नहीं होना चाहिए।

III. साधारण खण्ड :

(1) (क) उड़ीसा राज्य निचले राज्य/राज्यों को जानकारी देकर 1.5 टी एम सी प्रतिवर्ष से अधिक जल का उपयोग करने वाली उन परियोजनाओं के जिनका विनिर्दिष्ट रूप से उल्लेख उक्त खण्डों में किया गया है स्थलों के मामले में परिवर्तन कर सकेगा। यदि ऐसे किसी विनिर्दिष्ट स्थल की दशा में जिस तक किसी राज्य को उक्त खण्डों में उल्लिखित जल ग्रहण क्षेत्र से अधिक या कम समस्त जल का उपयोग करने की अनुज्ञा दी गई, है, स्थान बदलने या परिवर्तन के परिणामस्वरूप अपरोधन आदि है तो अन्य विनिर्दिष्ट स्थलों के जल ग्रहण क्षेत्र में आनुपातिक कमी/वृद्धि इस प्रकार की जाएगी कि समस्त जल के अपरोधन के लिए प्रत्येक राज्य का अनुज्ञात कुल जल ग्रहण क्षेत्र अधिक न हो जाए।

(1) यह भी करार किया जाता है कि उक्त खण्ड (I) और (II) में विनिर्दिष्ट परियोजनाओं के बारे में यदि प्रत्येक परियोजना में 1.5 टी एम सी से अधिक किन्तु 2 टी एम सी से अनधिक उपयोग की उपान्त वृद्धि होती है तो ऐसी वृद्धि सम्बन्धित राज्यों और निचले नदतटीय राज्य/राज्यों के बीच परस्पर परामर्श द्वारा अनुज्ञात की जा सकेगी। किन्तु यह तब जब कि उक्त खण्ड में से प्रत्येक में विनिर्दिष्ट कुल उपयोग से अधिक उपयोग सम्बन्धित राज्यों द्वारा न हो।

(2) उक्त करार में जहां कहीं जल की विनिर्दिष्ट मात्राएं उस रूप में उल्लिखित है जिनका किसी राज्य द्वारा किया जा सकता है, यह करार किया जाता है कि उपयोग की माप निम्नलिखित रीति से की जाएगी :

उपयोग	माप
(i) सिंचाई उपयोग	नदी या किसी सहायक नदी अथवा किसी जलाशय, भण्डार या नहर से मोड़े गए या उत्थापित जल की शत प्रतिशत मात्रा और इन भण्डारों में वाष्पन द्वारा हानि का शत प्रतिशत भाग।
(ii) विद्युत उपयोग	भण्डार में वाष्पन द्वारा हानियों का शत प्रतिशत भाग।
(iii) बेसिन के भीतर घरेलू और नगरपालिक जल प्रदाय	नदी या उसकी किसी सहायक नदी अथवा किसी जलाशय जल भण्डार या नहर से मोड़े गए या उत्थापित जल की मात्रा का 20 प्रतिशत।
(iv) बेसिन के भीतर औद्योगिक उपयोग	नदी या उसकी किसी सहायक नदी अथवा किसी जलाशय जल भण्डार या नहर से मोड़े गए या उत्थापित जल की मात्रा का 2.5 प्रतिशत।
(v) बेसिन के बाहर सभी प्रकार के उपयोग।	नदी या उसकी किसी सहायक नदी अथवा किसी जलाशय जल भण्डार या नहर से मोड़े गये या उत्थापित जल की मात्रा का 100 प्रतिशत।

(3) यह करार किया जाता है कि उक्त करार में प्रत्येक राज्य को अनुज्ञात जल का उपयोग करने में कोई भी राज्य उन परियोजनाओं को छोड़ कर जिनके लिए स्पष्ट रूप से करार हो चुका है ऐसी कोई परियोजनाएं निर्मित नहीं करेगा जिनसे अन्य राज्य/राज्यों का राज्यक्षेत्र जल निमग्न हो जाए। किन्तु ऐसे जल निमज्जन के लिए उस राज्य की पूर्व सम्मति से वह ऐसा कर सकेगा।

(4) यह करार किया जाता है कि सभी राज्य गोदावरी बेसिन में अपने राज्य क्षेत्रों के भीतर भूगर्भजल का उपयोग कर सकता है और ऐसे उपयोग की गणना गोदावरी नदी के जल के उपयोग के रूप में नहीं की जाएगी।

(5) करार में निर्दिष्ट उप बेसिन गोदावरी बेसिन के उपबेसिनों में किए गए उस विभाजन के अनुसार है जो कृष्णा गोदावरी आयोग की रिपोर्ट के अध्याय (iii) पैरा 4.27 में पृष्ट में किए गए हैं।

(6) उपयोग के अन्तर्गत किसी राज्य द्वारा गोदावरी नदी और उसकी सहायक नदियों के जल का ऐसा उपयोग भी जो उसने घरेलू, नगरपालिक सिंचाई औद्योगिक विद्युत उत्पादन, नौपरिवहन, मत्स्य पालन, वन, जीवन संरक्षण मनोरंजन के प्रयोजनों के लिए किए है और इसके अन्तर्गत उक्त प्रयोजनों के लिए मृजित जल भण्डारों से वाष्पन द्वारा हानियां भी हैं।

7. उक्त खण्डों में वर्णित सभी स्तर जी टी एस स्तरों के हवाले से दिए गए हैं।"

हस्ता०/-
(डा० एम० चेन्ना रेड्डी)
मुख्यमंत्री
आन्ध्र प्रदेश।

हस्ता०/-
(नीलमणि राउतराय)
मुख्यमंत्री
उड़ीसा।

उपाबन्ध (5)

उपाबन्ध-I

विधान सौध,
बंगलौर, 29 जनवरी, 1979

बी० सी० अंगादी,
सरकार के विशेष सचिव
सिंचाई विभाग।

अ० स० सं० पी० डब्ल्यू० डी० 25 बी० आर० ए० 78,
प्रिय श्री डूसकर,

विषय गोदावरी जल के वितरण के संबंध में महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच करार।

गत सप्ताह हमारे बीच टेलीफोन से हुई बातचीत की पुष्टि करते हुए मुझे यह कहना है कि हम इस बात के लिए सहमत हैं कि :—

(क) कृष्णा में 35 टी एम सी जल जो पोलावरम बराज में आन्ध्र प्रदेश राज्य द्वारा गोदावरी पथान्तर के 80 टी० एम०सी० जल में से कर्नाटक और महाराष्ट्र का अंश है; कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच निम्नलिखित रूप में बांटा जाएगा —

कर्नाटक — 21 टी० एम० सी०
महाराष्ट्र — 14 टी० एम० सी०

(ख) कर्नाटक ने महाराष्ट्र को आवंटित अंश में से निजाम सागर के ऊर्ध्व प्रवाह के काम से कम 1 टी० एम० सी० मंजरा जल के लिए अनुरोध किया है। महाराष्ट्र ने यह जल देने में अपनी असमर्थता प्रकट की है। कर्नाटक ने इस स्थिति को इसलिए स्वीकार कर लिया है कि करार किया जा सके।

(ग) आप इस पत्र की पुष्टि करके इसकी एक प्रति गोदावरी अधिकरण के समक्ष 2-2-1979 को फाइल कर दें।

कृपया उन बातों की जिनके विषय में टेलीफोन पर सहमति हुई थी पुष्टि कर दें।

आपका
हस्ता०/-
(बी० सी० अंगादी)
29-1-1979

ठ 28

श्री बी० आर० डूसकर
सरकार के सचिव
सिंचाई विभाग
महाराष्ट्र सरकार
मन्त्रालय,
मुम्बई-400032

उपाबन्ध-II

बी० आर० डूसकर
सरकार के सचिव

अ० स० स० आई० एस० डब्ल्यू० 5179-कंजा
सिंचाई विभाग
मंत्रालय,
मुम्बई-400 032
कैंप : नई दिल्ली
तारीख 30 जनवरी, 1979

विषय : गोदावरी जल के वितरण के संबंध में महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच करार।

निर्देश : आपका अ० सं० पत्र सं० पी० डब्ल्यू० डी 25 बी० आर० ए० 78 तारीख 29 जनवरी, 1979।

प्रिय श्री अंगादी,

विगत सप्ताह हमारे बीच टेलीफोन पर जो बातचीत हुई थी उसकी पुष्टि करते हुए और आपके उक्त अ० स० पत्र के प्रति निर्देश से, आप के पत्र में वर्णित दोनों राज्यों के बीच तय पाई गई बातों की पुष्टि निम्नलिखित बातों के अधीन रहते हुए की जाती है :—

35 टी एम सी जल के विभाजन का वर्तमान अनुपात अर्थात महाराष्ट्र के लिए 14 और कर्नाटक के लिए 21, ऐसे किसी अतिरिक्त जल को लागू नहीं होगा जो आन्ध्र प्रदेश द्वारा 80 टी एम सी से जल के पथान्तर के आधार पर उपलब्ध होगा।

गोदावरी जल विवाद अधिकरण के समक्ष हम अपने काउंसेल को इस बात के लिए प्राधिकृत कर दें कि वह दो राज्यों के बीच हुए हमारे समझौते के अनुसार एक करार उचित प्रारूप में तैयार करें और उसे गोदावरी अधिकरण के समक्ष फाइल कर दें।

आपका

ह० /-

(वी० आर० ड्यूसकर)

श्री बी० सी० अंगादी
विशेष सचिव
सिंचाई विभाग
कर्नाटक सरकार
बंगलौर।

उपाबन्ध-III

बी० सी० अंगादी,
सरकार के विशेष सचिव,
सिंचाई विभाग।

विधान सौध, बंगलौर
तारीख 31-1-1979

अ० स० सं० पी डब्ल्यू डी 25 बी आर ए 78

प्रिय श्री ड्यूसकर,

विषय : गोदावरी जल के वितरण के सम्बन्ध में महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच करार।

मुझे आपका अ० स० पत्र सं० आई एस डब्ल्यू 5179-केजी, तारीख 30-1-1979 टैलेक्स द्वारा प्राप्त हुआ। इसमें आपने हमारी टेलीफोन पर हुई बातचीत और दोनों राज्यों के बीच तय पाई गई उन बातों जिनका उल्लेख मेरे अ० स० पत्र स० पी डब्ल्यू डी 25 बी आर ए 78, तारीख 29 जनवरी, 1979 में किया गया है, की पुष्टि की है।

2. मैं इस बात के लिए भी सहमत हूं कि आप के उक्त पत्र में उल्लिखित निम्नलिखित शर्त अर्थात् :—

"35 टी एम सी जल के विभाजन का वर्तमान अनुपात अर्थात् महाराष्ट्र के लिए 14 और कर्नाटक के लिए 21, ऐसे किसी अतिरिक्त जल को लागू नहीं होगा जो आन्ध्र प्रदेश द्वारा 80 टी एम सी से अधिक जल के पथान्तर के आधार पर उपलब्ध होगा"।

उस करार की भाग रूप होना चाहिए जो तैयार किया जाए और अधिकरण के समक्ष फाइल किया जाए।

आपका

ह०

बी०सी० अंगादी

श्री वी० आर० ड्यूसकर,
सरकार के सचिव
सिंचाई विभाग
महाराष्ट्र सरकार
मंत्रालय,
बम्बई – 40 0032

उपाबन्ध "च"

उड़ीसा और मध्य प्रदेश राज्यों के बीच हुआ करार

पूर्ण विचार-विमर्श के पश्चात भोपाल में 11 जुलाई, 1979 को निम्नलिखित करार हुआ।

जी–11 इन्द्रावती उप बेसिन :

1. उड़ीसा

(क) उड़ीसा राज्य अपर इन्द्रावती परियोजना स्थल तक, जिसमें निम्नलिखित समाविष्ट है, समस्त जल का उपयोग कर सकता है :

(i) इन्द्रावती बांधस्थल (अक्षांश 19°-16′ उत्तर और रेखांश 82°–50 पूर्व)।

(ii) पोडागा बांध स्थल (अक्षांश 19°–14′ उत्तर और रेखांश 82°–49′ पूर्व।

(iii) कपूर बांध स्थल (अक्षांश 19°-06′ उत्तर और रेखांश 82°–47′ पूर्व)।

(iv) मोरन बांध स्थल (अक्षांश 19°-06′ उत्तर और रेखांश 82°-46′ पूर्व)

(ख) उड़ीसा राज्य अपने राज्य क्षेत्र के भीतर अपर इन्द्रावती परियोजना के नीचे उपलब्ध शेष जल प्रवाह में से यह सुनिश्चित करेगा कि पैंतालीस (45) टी एम सी जल इन्द्रावती उपबेसिन में उड़ीसा मध्य प्रदेश सीमा पर अनुप्रवाहित हो। उन वर्षों में जब कि गोदावरी बेसिन के बाहर अपर इन्द्रावती परियोजना में जल का पथान्तर पिचासी (85) टी एम सी (जिसके अन्तर्गत वाष्पन द्वारा हानि सम्मिलित नहीं है) से कम है, उड़ीसा मध्य प्रदेश सीमा पर इन्द्रावती उपबेसिन में पैंतालीस (45) टी एम सी जल की यह मात्रा उसी अनुपात में कम कर दी जाएगी जिस अनुपात में पिचासी (85) टी एम सी जल की मात्रा कम होती है उड़ीसा राज्य अपने राज्य क्षेत्र के भीतर इस प्रकार बचे हुए समस्त शेष जल का उपयोग अपनी विद्यमान, निर्माणाधीन और प्रस्थापित परियोजनाओं/स्कीमों के लिए कर सकता है।

(ग) (i) उड़ीसा और मध्य प्रदेश राज्य पैंतालीस (45) टी एम सी जल की इस मात्रा को इन्द्रावती नदी पर जगदालपुर गेज स्थल पर मापने पर करने के लिए सहमत है। जगदालपुर गेज स्थल का अनुरक्षण इस समय केन्द्रीय जल आयोग, द्वारा उपपैरा (ग)(ii) में वर्णित समायोजन के अधीन रहते हुए किया जाता है।

(ii) उड़ीसा राज्य का जल ग्रहण क्षेत्र जिससे जगदालपुर गेज स्थल के नीचे इन्द्रावती नदी में जल प्रवाह के लिए जल प्राप्त होता है, लगभग दो सौ अड़तीस (238) वर्ग मील है। जब कि गेज स्थल तक मध्य प्रदेश राज्य का जल ग्रहण क्षेत्र लगभग एक सौ अठानवे (198) वर्ग मील है। इस चालीस (238 ऋण 198 जो बराबर है 40 के) वर्ग मील के क्षेत्र से जल प्राप्ति का 75 प्रतिशत भाग दो दशमलव आठ (2.8) टीएमसी माना जा सकता है। उक्त पैरा 1(ख) में विनिर्दिष्ट उड़ीसा-मध्य प्रदेश सीमा पर उपलब्ध जल प्रवाह का अनुमान लगाने के लिए इस दो दशमलव आठ (2.8) टीएमसी जल की मात्रा को जगदालपुर जल प्रवाह में जोड़ दिया जाएगा। दो दशमलव आठ (2.8) टी एम सी जल की यह मात्रा जल की कमी वाले वर्षों में उसी अनुपात में कम हो कर दी जाएगी जिस अनुपात में अपर इन्द्रावती परियोजना स्थल पर नवासी दशमलव पांच (89.5) टी एम सी की जल प्राप्ति जिस का अनुमोदन योजना आयोग द्वारा कर दिया गया है, का पचहत्तर (75) प्रतिशत भाग कम होता है।

(iii) यदि किसी समय केन्द्रीय जल आयोग जगदालपुर गेज स्थल को बन्द कर देता है तो दोनों राज्य उस गेज स्थल को संयुक्त रूप से अथवा ऐसे किसी स्थल या स्थलों को जिनके विषय में परस्पर सहमती हो जाए, इस प्रयोजन के लिए बनाए रखेंगे।

2. मध्य प्रदेश

(क) मध्य प्रदेश राज्य, इन्द्रावती नदी पर भोपाल पटनम-1 जल विद्युत परियोजना स्थल (अक्षांश 19°-03'-45" उत्तर और रेखांश 80°-19'-05" पूर्व) तक, — जो मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों के बीच एक संयुक्त परियोजना है, पैरा (1) में तय पाए गए उपयोगों के अधीन रहते हुए, दो सौ तिहत्तर (273) टी०एम०सी० जल का उपयोग अपनी विभिन्न विद्यमान निर्माणाधीन और प्रस्थापित परियोजनाओं/स्कीमों के लिए कर सकता है। जल की इस मात्रा के अन्तर्गत भोपालपटनम-1 जलाशय में मध्य प्रदेश राज्य का वाष्पन द्वारा हानि का अंश भी सम्मिलित है।

